* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 208

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**कांग्रेस ने किया एलान :** कर्नाटक में सिद्धारमैया सीएम शिवकुमार डिप्टी होंगे



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# 3,469
## माध्यमिक शिक्षकों का
# नियुक्ति पत्र
## वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

## श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 19 मई, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे

स्थान : टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव होटवार, रांची

P.R. 297722 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# कर्नाटक में 'रोटेशनल सीएम' बना कर 'शिंदे' पैदा कर रही है कांग्रेस!

## ■ कुर्सी का ऐसा बंटवारा बहुमत वाली पार्टी में आज से पहले कभी नहीं हुआ था

## ■ सत्ता के इस प्रहसन में धुंधली पड़ गयी ग्रैंड ओल्ड पार्टी की चमक

## ■ मजबूरी और बेबसी में लिया गया फैसला कभी मुकाम नहीं पाता

**कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। सिद्धारमैया 20 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम पद के अलावा महत्वपूर्ण विभाग भी सौंपें जायेंगे। इसमें चौंकानेवाली बात यह है कि मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया कोई भी फैसला खुद नहीं ले पायेंगे, उनको डीके शिवकुमार से हर फैसले में सहमति लेनी होगी। यही नहीं, डीके शिवकुमार की नाराजगी दूर करने के लिए आलाकमान ने उन्हें अहम मंत्रालय देने का भी वादा किया है। इसके अलावा उन्हें भरोसा दिया गया है कि ढाई साल बाद सिद्धारमैया उन्हें कुर्सी सौंप देंगे। यह भी कहा गया है कि उनके गुट के विधायकों को मंत्रिपद में बराबर की हिस्सेदारी मिलेगी। उनके विधायक जो भी विभाग चाहेंगे, उन्हें दिया जायेगा। 'रोटेशनल सीएम' का यह फॉर्मूला भारत के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सामने नहीं आया है, लेकिन किसी बहुमत प्राप्त दल के लिए यह पहला मौका है। कर्नाटक में सीएम तय कर कांग्रेस ने सत्ता संघर्ष पर तत्काल विराम तो लगा दिया है, लेकिन इस प्रहसन ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में उसकी शानदार जीत की चमक को धुंधला कर दिया है। वास्तव में कांग्रेस ने सीएम की कुर्सी का बंटवारा कर कर्नाटक में भी 'एकनाथ शिंदे' के जन्म लेने की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है। डीके शिवकुमार के भाई सासंद सुरेश तो अभी से कह रहे हैं कि वे इस फैसले से खुश नहीं हैं। कांग्रेस ने इसी गुटबाजी से बचने के लिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया था। इसलिए उसने 'रोटेशनल सीएम' जैसे फॉर्मूले को अपनाया है, लेकिन इसके दूरगामी नुकसान का उसे तनिक भी अंदाजा नहीं है। कर्नाटक में शासन किसका होगा और कौन किस पर भारी पड़ेगा, इस बात का अभी फैसला होना बाकी है। इस बात में कोई शक नहीं कि सिद्धारमैया अनुभव के मामले में डीके शिवकुमार पर भारी पड़ते हैं, लेकिन सांगठनिक और संसाधन के मामले में शिवकुमार के आगे कोई ठहर भी नहीं सकता। इसलिए कांग्रेस के भीतर यदि अभी से असंतोष के स्वर सुनाई देने लगे हैं, तो इसमें बहुत आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए। कर्नाटक में कांग्रेस की इस पूरी कवायद का राजनीतिक विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही केके विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करनेवाली कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के लिए चल रही जद्दोजहद खत्म कर दी है। मुख्यमंत्री पद के लिए छिड़े घमासान में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच सत्ता का बंटवारा कर ग्रैंड ओल्ड पार्टी ने भारतीय राजनीति में नये प्रयोग की शुरुआत की है।

आज से पहले राजनीतिक गठबंधनों में सत्ता के बंटवारे का फॉर्मूला सामने आया था, लेकिन किसी राज्य में स्पष्ट बहुमत प्राप्त किसी एक दल के दो नेताओं के बीच सत्ता का इस तरह बंटवारा नहीं हुआ था। कर्नाटक में जो फॉर्मूला तय किया गया है, उसके अनुसार अगले ढाई साल तक सिद्धारमैया मुख्यमंत्री तो रहेंगे, लेकिन वह कोई भी फैसला खुद नहीं लेंगे, डीके शिवकुमार से अनुमति लेनी जरूरी कर दिया है। डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम के पद पर राजी करने में कांग्रेस आलाकमान के पसीने छूट गये। वह तब माने, जब उन्हें सोनिया गांधी ने यह आश्वासन दिया कि ढाई साल बाद सिद्धारमैया स्वेच्छा से पद छोड़ देंगे और तब शिवकुमार को सत्ता दे दी जायेगी। सोनिया गांधी को डीके शिवकुमार को मनाने के लिए यहां तक आश्वासन देना पड़ेगा कि मुख्यमंत्री होते हुए भी सिद्धारमैया खुद से कोई फैसला नहीं लेंगे, वह डीके से सहमति प्राप्त करेंगे। यही नहीं, डीके शिवकुमार के जो विश्वनीय विधायक हैं, उन्हें महत्वपूर्ण पदों से नवाजा जायेगा। यानी डीके शिवकुमार गुट को सत्ता में बराबर की हिस्सेदारी मिलेगी। यानी जितने मंत्री सिद्धारमैया के, उतने मंत्री डीके शिवकुमार के। सत्ता में दोनों के बीच सत्ता की हिस्सेदारी में सबसे विकट समस्या अधिकारियों के समक्ष आयेगी। उनके मन में यह बात हमेशा ताजा रहेगी कि ढाई साल बात डीके आनेवाले हैं। इससे उन्हें निर्णय लेने में भी कठिनाई होगी।

बता दें कि 2018 में राजस्थान में लगभग यही फॉर्मूला कांग्रेस ने अपनाया था। उसमें रोटेशनल सीएम की बात तो नहीं थी, लेकिन सचिन पायलट को सरकार में पर्याप्त जगह देने की गारंटी दी गयी थी, लेकिन वहां आलम यह है कि दोनों के बीच आज तकरार राजस्थान का मौजूदा सियासी ड्रामा बना हुआ है।

### कोई भी नहीं छोड़ना चाहता सीएम का पद

किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का



पद बहुत महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री सरकार की ओर से कोई भी फैसला ले सकता है। विकास योजनाओं पर उसकी मुहर के बिना काम नहीं पूरा हो पाता। राज्य के सभी विभागों पर इसका नियंत्रण होता है। थोड़े समय के लिए इन सभी शक्तियों का अनुभव करने और महसूस करने के बाद पद छोड़ने का विचार किसी को भी अच्छा नहीं लगता होगा। इतना ही नहीं, शासन चलाने के लिए भी यह फॉर्मूला सही नहीं हो सकता। सत्ता का इतना स्पष्ट बंटवारा नौकरशाही को लापरवाह बना सकता है। सत्ता के बीच व्याप्त असंतुलन को साधने के चक्कर में नौकरशाही रास्ते से भटक सकती है या बेलगाम हो सकती है। ऐसे में बदनामी का दाग तो राजनीतिक नेतृत्व पर ही लगेगा और कांग्रेस के लिए यह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं होगा।

### विफल रहा सीएम सीट के बंटवारे का प्रयोग

दो नेताओं के इतर दो पार्टियों के बीच सत्ताओं का हस्तांतरण काफी टेढ़ी खीर साबित होती है। एक बार उत्तरप्रदेश में भाजपा और बसपा ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री पद साझा करने का फैसला किया था। तय हुआ था कि हर छह महीने में बसपा और भाजपा के बीच मुख्यमंत्री का पद दिया और लिया जाये। मायावती को मुख्यमंत्री पद संभाले छह महीने बीत चुके थे। बाद में इस समझौते के अनुसार मुख्यमंत्री का पद भाजपा नेता को दिया जाना चाहिए था, लेकिन 1997 में मायावती ने मुख्यमंत्री का पद भाजपा को सौंपने की बजाय भाजपा से समर्थन वापस ले लिया। भाजपा ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और बसपा में फूट पैदा कर दी। उसने कांग्रेस सहित छोटे दलों को विभाजित कर समर्थन जुटा लिया। कल्याण सिंह के नेतृत्व में बनी सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया। इसके अलावा झारखंड में भी एक बार यह व्यवस्था लागू करने की कोशिश हुई, लेकिन वह भी विफल हो गयी।

### कांग्रेस ने तैयार कर ली है बगावत की जमीन

कर्नाटक में 'रोटेशनल सीएम' की व्यवस्था से ठीक पहले महाराष्ट्र में जारी सत्ता संग्राम पर ध्यान देना जरूरी है। वहां चुनाव से पहले भाजपा और शिवसेना में इसी तरह का फॉर्मूला तय किया गया था, लेकिन चुनाव के बाद शिवसेना उससे मुकर गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि गठबंधन टूट गया और शिवसेना ने राकांपा और कांग्रेस के साथ मिल कर सरकार बना ली। इस राजनीतिक प्रयोग का परिणाम शिवसेना के विभाजन के रूप में सामने आया और एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। इतना ही नहीं, शिवसेना पर से उद्धव ठाकरे का नियंत्रण भी खत्म हो गया।

कर्नाटक में कांग्रेस की इस व्यवस्था से भी यही खतरा पैदा हो गया है कि कहीं वहां भी कोई एकनाथ शिंदे न पैदा हो जाये। अभी शिवकुमार के समर्थक कई विधायकों और खुद उनके भाई सांसद सुरेश ने इस व्यवस्था का विरोध किया है। ऐसे में यह आशंका तो हमेशा बनी रहेगी कि पार्टी विधायक दल में कहीं कोई बागी न पैदा हो जाये। वास्तव में कांग्रेस ने बगावत की इसी आशंका को सुगम बना दिया है।

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सिद्धारमैया कांग्रेस के कर्नाटक में सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने भाजपा के हिंदुत्व कार्ड का मुकाबला करने के लिए सामाजिक न्याय के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान जाति आधारित जनगणना की वकालत और 'जितनी आबादी, उतना हक' की मांग उठा कर 'ओबीसी और दलित कार्ड' खेला था। सिद्धारमैया भी कुरुबा समुदाय (ओबीसी) से आते हैं। राज्य में इस जाति की आबादी लगभग ग्यारह प्रतिशत है। वह राज्य में सबसे बड़े ओबीसी नेता माने जाते हैं। ऐसे में 2024 चुनाव में ओबीसी वोट को अपने पक्ष में करने के लिए कांग्रेस के पास सिद्धारमैया से अच्छा कोई चेहरा नहीं था। लेकिन शिवकुमार ने जिस तरह अकेले दम पर पार्टी के चुनाव अभियान का संचालन किया और उसे जीत के दरवाजे पर लेकर आये, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में कर्नाटक में सीएम की कुर्सी के लिए कांग्रेस के भीतर मचे इस घमासान से यदि किसी का नुकसान हुआ है, तो वह पार्टी है और इस पूरी कवायद में सबसे कमजोर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे साबित हुए हैं। इतना ही नहीं, कर्नाटक के इस नाटक ने कांग्रेस आलाकमान के शक्तिहीन होने की आशंका पर मुहर भी लगा दी है।

---

# पत्नी-बच्ची से हफ्ते में दो बार मिलने के लिए पूर्व डीसी छवि रंजन ने कोर्ट से मांगी इजाजत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाले में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति देने के लिए उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिस पर पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के



दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाये। इडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने पुरजोर विरोध करते हुए दलील दी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। कहा कि जब तक आरोपी जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर आदेश के लिए 22 मई की तारीख मुकर्रर की है।

# निलंबित पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई करने के मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट की न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने मामले को मैं फैसला सुरक्षित रख लिया।



प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं विभास सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में इडी ने अनुसंधान पूरा करते हुए उनके चार्जशीट दाखिल कर दी है। ऐसे में उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। पूर्व में 5 नवंबर 2022 को इडी की विशेष अदालत में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका की गुहार लगायी गयी है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह समेत सात लोगों को आरोपी बनाया है।

## प्रतुल ने गृह मंत्री अमित शाह से किया आग्रह

# अभिजीत प्लांट में रोज हो रहे करोड़ों के स्क्रैप लूट, सीबीआइ जांच हो

**जिला ट्रांसफर के बाद भी चंदवा थाना प्रभारी का पद पर बने रहना आश्चर्यजनक है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान चंदवा थाना अंतर्गत अभिजीत प्लांट में हो रही स्क्रैप के करोड़ों की चोरी की सूचना होने की ओर आकृष्ट किया।प्रतुल ने कहा कि बताया जाता है की एक संगठित माफिया गिरोह इस पूरे लूट के रैकेट के पीछे सक्रिय हैं।इस संगठित गिरोह में कुछ सफेदपोश लोग की भूमिका भी संलिप्त है।प्रतुल ने कहा कि रस्म अदायगी के लिए बीच में एक दो लोहा चोरों को पकड़ कर जेल भेज दिया जाता है।लेकिन प्लांट का मुआयना करने से ही पता चल जाएगा की सैकड़ों लोग मिलकर स्क्रैप की अवैध कटाई कर रहे है। रातों-रात स्क्रैप को चंदवा स्थित एक कबाड़ी की दुकान और अन्य जगहों में ले जा कर खपा देने की भी चर्चा है। लेकिन आश्चर्यजनक



रूप से प्रशासन को इस लूट की कोई खबर ही नहीं। प्रतुल ने अपने ट्वीट में सीबीआइ, मुख्यमंत्री कार्यालय और झारखंड पुलिस को भी टैग किया।

प्रतुल ने गृह मंत्री से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच करने की अनुशंसा करने का आग्रह किया। कहा इस खेल में पर्दे के पीछे से सक्रिय कई सफेदपोश भी सामने लाया जाए।प्रतुल ने कहा की जिला ट्रांसफर के बावजूद चंदवा थाना प्रभारी के पद पर बने रहना भी अत्यंत आश्चर्यजनक है।ज्ञातव्य है की अभिजीत का प्लांट चंदवा थाने के अंतर्गत ही स्थित है।प्रतुल ने कहा कि वे शीघ्र केंद्रीय गृह मंत्रालय जाकर इस पूरे मामले को पेश करेंगे।

## झारखंड में सरकारी इंजीनियर बनने का बेहतरीन मौका

# जेएससीसी ने निकाली बंपर भर्ती, 24 जून तक करें आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरकारी इंजीनियर बनने का अवसर ढूंढ रहे अभ्यर्थियों के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है क्योंकि झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने 1562 जूनियर इंजीनियर पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थी से आवेदन मांगा है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई से आवेदन कर सकते हैं, लेकिन आवेदन करने से पहले भर्ती से संबंधित शैक्षिक योग्यता, चयन प्रक्रिया, पात्रता एवं विभागीय पदों के बारे में अहम जानकारी जान लें। जेएसएससी के ऑफिशल वेबसाइट के अनुसार इस परीक्षा का नाम डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 नाम दिया गया है। इसके लिए उम्मीदवार 25 मई से लेकर 24 जून तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं, 26 जून तक परीक्षा का शुल्क भुगतान किया जा सकता है। फोटो और सिग्नेचर भी अपलोड कर सकते हैं। 28 जून तक भरे हुए आवेदन के प्रिंट आउट निकाल सकते हैं। आवेदन में मगर कोई गलती रह गयी तो 19 जून से 1 जुलाई तक उसमें सुधार किया जा सकता है। सुधार के समय नाम जन्मतिथि, ईमेल और मोबाइल नंबर नहीं बदला जा सकता हैं।

**शैक्षिक योग्यता और आवेदन शुल्क :** जूनियर इंजीनियर के पदों के जिन पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसमें डिप्लोमा, आइटीआइ या फिर बैचलर या मास्टर होना जरूरी है। मान लीजिये आप सिविल इंजीनियर के पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, बैचलर या फिर मास्टर या आइटीआइ डिग्री इन सभी में से कोई एक डिग्री होना अनिवार्य है।

वहीं, परीक्षा शुल्क जनरल व ओबीसी कैंडिडेट के लिए 100 रुपए और एससी, एसटी कैंडिडेट के लिए 50 रुपये हैं। उम्र सीमा जनरल व ईडब्ल्यूएस के लिए 35 साल, ओबीसी के लिए 37 साल, महिला उम्मीदवार (जनरल व ओबीसी) के लिए 38 साल, एसटी एससी उम्मीदवार (महिला पुरुष दोनों) 40 साल हैं।

**ऐसे करें आवेदन :** इच्छुक उम्मीदवार 25 मई से 24 जून की रात 12 बजे तक आवेदन इस वेबसाइट www.jssc.nic.in पर जाकर रिक्रूटमेंट टैब के कैरियर सेक्शन में क्लिक करना होगा, जहां आपको जूनियर इंजीनियर के पद के लिए इनविटेशन नोटिस दिखेगा। नोटिस में क्लिक करके आप ऑनलाइन फॉर्म फिल कर सकते हैं। साथी अपने आइडी और पासवर्ड को आगे की प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रखना होगा।

**कितनी रिक्तियां :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कुल 26 पद।
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिविल इंजीनियर के कुल 223 पद।
स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर के 55 पद।
झपाइप लाइन इंस्पेक्टर के 16 पद
झनगर विकास एवं आवास विभाग के इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग के 46 पद।
नगर विकास एवं आवास विभाग के सिविल इंजीनियर के कुल 188 मैकेनिकल इंजीनियर के 51 पद।
जल संसाधन विभाग के सिविल इंजीनियर के कुल 400 पद।
पथ निर्माण विभाग के सिविल इंजीनियर के कुल 457 पद।
झजल संसाधन विभाग के मैकेनिकल इंजीनियर के 30 पद।
पथ निर्माण विभाग के सिविल इंजीनियर के कुल 47 पद।
मोटरयान निरीक्षण के कुल 4 पद।
झकृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के एग्रीकल्चर इंजीनियर के तौर पर 11 पद।
झऊर्जा विभाग के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के कुल 4 पद है।

www.epaper.azadsipahi.in

19 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 208

ममता बनर्जी के भतीजे पर हाइकोर्ट ने 25 लाख जुर्माना लगाया : अदालत ने शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक की अर्जी खारिज की











## कर्नाटक में ढाई-ढाई साल का होगा कार्यकाल

# सिद्धारमैया कल लेंगे शपथ डीके लोकसभा चुनाव के बाद

- सोनिया से बातचीत के बाद माने डीके, अभी रहेंगे डिप्टी सीएम
- उनकी सहमति के बगैर सिद्धारमैया नहीं ले सकेंगे कोई फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत मिलने के पांच दिन बाद आखिरकार गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लग गयी। सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे। वह 20 मई को शपथ लेंगे। वहीं, डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री होंगे। सोनिया गांधी से फोन पर बातचीत के बाद डीके ने डिप्टी सीएम पद को स्वीकार किया। उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद सीएम का पद मिलेगा। यानी कर्नाटक में सिद्धारमैया और डीके के नेतृत्व में ढाई-ढाई साल की सरकार होगी।

**डीके मान-मनव्वल और शर्तों पर हुए तैयार :** दरअसल, डीके सीएम बनना चाहते थे, लेकिन आलाकमान पहले ही सिद्धारमैया का नाम तय कर चुका था। डीके इस फैसले को मानने के लिए तैयार नहीं थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सिद्धारमैया और डीके की बैठकों का कई दौर चला। इन बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकला। डीके किसी भी तरह से मानने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने सारे प्रस्तावों और फॉर्मूलों को नकार दिया था। अंत में रात दो बजे डीके की सोनिया गांधी से वीडियो कांफ्रेंसिंग पर बातचीत हुई। इसके बाद डीके डिप्टी सीएम बनने के लिए तैयार हुए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार दोपहर 12 बजे प्रेस कांफ्रेंस कर सिद्धारमैया को सीएम और डीके को डिप्टी सीएम बनाये जाने का औपचारिक ऐलान किया।

**डीके को दिया गया आश्वासन:** जानकारी के मुताबिक डीके 50-50 फॉर्मूले पर राजी हुए हैं। पहले ढाई साल सिद्धारमैया सीएम रहेंगे और बाद के ढाई साल डीके। यानी डीके लोकसभा चुनाव के बाद 2025 में मुख्यमंत्री बनेंगे। डीके को यह भी आश्वासन दिया गया कि कर्नाटक में कोई भी फैसला उनकी सहमति के बिना नहीं लिया जायेगा। सिद्धारमैया को भले ही सीएम बनाया जा रहा है, लेकिन उन्हें हर निर्णय में डिप्टी सीएम की सहमति लेनी ही होगी। साथ ही डीके को यह भी कहा गया कि आपकी पसंद के विधायकों को वो पोर्टफोलियो दिये जायेंगे, जो वो चाहते हैं। लोकसभा चुनाव को मैनेज करने की पूरी जिम्मेदारी उन पर होगी। यानी टिकट बंटवारे से लेकर इलेक्शन स्ट्रैटेजी बनाने तक में उनका रोल सबसे बड़ा रहेगा।



### डीके राजी, उनके सांसद भाई नाखुश

पार्टी नेतृत्व के फैसेल पर डीके भले ही राजी हो गये हों, लेकिन उनके भाई सांसद डीके सुरेश नाखुश हैं। डीके ने कहा कि मैं पार्टी के फॉर्मूले पर राजी हूं। आगे लोकसभा चुनाव है और मैं जिम्मेदारियों के लिए तैयार हूं। पार्टी के हित को ध्यान में रखते हुए मैंने सहमति दी है। वहीं, उनके भाई सांसद डीके सुरेश ने कहा कि मैं पूरी तरह से खुश नहीं हूं, लेकिन कर्नाटक के हित में हम अपनी-अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना चाहते हैं। यही वजह है कि डीके ने यह फॉर्मूला स्वीकार कर लिया है। भविष्य में हम देखेंगे। अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। मैं शिवकुमार के लिए सीएम पद चाहता हूं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

### सीबीआइ और इडी जांच की वजह से पिछड़े डीके

सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, दोनों दावेदार थे। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सिद्धारमैया का चयन किया है। कांग्रेस को डर था कि अगर डीके को सीएम बना दिया, तो कहीं एक बार फिर उनके पीछे सीबीआइ और इडी न लग जाये। आयकर से अधिक संपत्ति मामले में डीके के खिलाफ सीबीआइ जांच चल रही है। हाल में कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद को सीबीआइ का डायरेक्टर बनाया गया है। सूद को डीके ने नालायक कहा था।

### 20 मई को 12:30 बजे शपथ ग्रहण

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पिछले 3-4 दिन से हम कोशिश कर रहे थे कि सबमें सहमति हो जाये। डीके शिवकुमार ने राज्य के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भर दी है। इसमें कोई शक नहीं है। शिवकुमार अध्यक्ष थे और सिद्धारमैया साथ थे। दोनों कर्नाटक में पार्टी के लिए बहुत बड़ा कद रखते हैं। हां, सबकी अपनी इच्छाएं होती हैं। दोनों बहुत काबिल हैं। सभी ने मिल कर फैसला लिया है। सिद्धारमैया मुख्यमंत्री होंगे। डीके शिवकुमार अकेले डिप्टी सीएम होंगे। वह लोकसभा चुनाव तक पीसीसी अध्यक्ष भी बने रहेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि 20 मई को 12:30 बजे शपथ ग्रहण होगा। मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के अलावा कुछ मंत्री भी शपथ लेंगे।

## जेएसएससी ने पूरी की प्रक्रिया, खेलगांव में आज समारोह

# सीएम आज 3469 माध्यमिक शिक्षकों को देंगे नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को राज्य के माध्यमिक स्कूलों में चयनित 3469 शिक्षकों को ज्वाइनिंग लेटर मिलेगा। यह लेटर सीएम हेमंत सोरेन देंगे। खेलगांव स्थित टानाभगत इंडोर स्टेडियम में दिन के एक बजे नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम रखा गया है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।



### सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हो रही नियुक्ति

बता दें कि जिन आवेदन के तहत शिक्षकों को अब नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, वह 2016 में निकाला गया था। तब राज्य में 13 अनुसूचित और 11 गैर अनुसूचित जिलेवाली नियोजन नीति लागू थी। उस समय अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9,149 पदों पर कुल 17,572 शिक्षकों के लिए वेकैंसी निकाली गयी थी। इस नियुक्ति प्रक्रिया को सोनी कुमारी ने चुनौती दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा।

### शिक्षकों को दी जायेगी ट्रेनिंग

इन नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार होगा जब नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र के साथ ही प्रशिक्षण दिया जाोगा। यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर होगा। इसमें शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, प्रमंडल स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय आदि के कार्यों व पदसोपानों की जानकारी दी जायेगी।

### 23 से शुरू हो रही शिक्षकों की ट्रेनिंग

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नव नियुक्त शिक्षकों को 23 मई से तीन जून तक ट्रेनिंग दी जायेगी। जिसमें शिक्षकों को उनकी सेवा शर्त नियमावली प्रविधानों, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित होनेवाली विभिन्न योजनाओं, समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों, मध्याह्न भोजन, ई-विद्यावाहिनी, निपुण भारत आदि की जानकारी दी जायेगी। वहीं जेसीईआरटी के कार्यों, स्कूलों के लिए तैयार होनेवाले पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, कैलेंडर के बारे भी बताया जायेगा। विभाग ने इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।

## झारखंड में भवनों का नक्शा पास करने पर लगी रोक हटी

# नियम को सरल बनाने और पारदर्शिता के साथ नक्शा पास करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने गुरुवार को नगर निगम और आरआरडीए द्वारा नक्शा पास करने पर लगायी रोक हटा दी। उसने आदेश दिया है कि नगर निगम नक्शा पास करने के नियमों को सरल बनाये और पारदर्शिता के साथ नक्शा पास करे। बता दें कि हाइकोर्ट ने नक्शा पास करने में हो रही अवैध वसूली पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस पर रोक लगा दी थी। गुरुवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने रांची नगर निगम और आरआरडीए से नक्शा पास किये जाने पर लगी रोक हटा दी है। हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद रांची और आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। निगम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा।

### मेघवाल नये कानून मंत्री, रिजिजू को अर्थ साइंस की जिम्मेदारी



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू का विभाग बदल दिया है। रिजिजू को अर्थ साइंस मंत्रालय दिया गया है। रिजिजू की जगह अब अर्जुन राम मेघवाल कानून मंत्री होंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। मेघवाल के पास संसदीय मामलों के राज्य मंत्री का जिम्मा भी है। रिजिजू के अलावा कानून राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल का भी मंत्रालय बदला गया है। उन्हें अब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री बनाया गया है। रिजिजू को रविशंकर प्रसाद की जगह जुलाई 2021 में कानून मंत्री नियुक्त किया गया था। 2019 में उन्हें खेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया था।

# गुमला में दो बच्चियों से गैंगरेप, दो धराये

- चौथी क्लास में पढ़ती हैं पीड़िता
- आरोपी के पिता ने किया पुलिस पर हमला
- गांववालों ने पीड़ित बच्ची और मां को मार कर गांव से निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में चौथी क्लास में पढ़नेवाली दो नाबालिग बच्चियों के साथ गैंग रेप हुआ है। बच्चियां अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में गयी थीं। घटना एक मई की है। बच्चियों ने घटना की जानकारी दो मई को परिजनों को दी, लेकिन परिजन चुप रहे। बच्चियों की तबियत बिगड़ने पर मामला सामने आया और पुलिस को शिकायत की गयी है।

घटना सदर थाना इलाके की है। सभी आरोपी नाबालिग हैं। एक पीड़िता अनाथ है। वह अपनी नानी के पास रहती है। दूसरी पीड़िता के माता-पिता मजदूर हैं।

जानकारी के अनुसार एक पीड़िता ने घर लौटने के बाद पूरे मामले की जानकारी अपने माता-पिता को दी। बच्ची की तबियत बिगड़ती गयी। तब यह मामला 17 मई को सामने आया। बच्ची के माता-पिता ने पहले ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इस पर ग्रामीण उन्हें प्रताड़ित करने लगे। अमृत विलुंग नामक एक ग्रामीण ने तो पीड़िता और उसकी मां की पिटाई भी कर दी और गांव से भगा दिया।

### आरोपी के पिता ने टांगी से किया पुलिस पर हमला

तब पीड़िता के पिता ने स्थानीय मुखिया को इसकी जानकारी दी। पुलिस जब गांव पहुंची, तो एक आरोपी के पिता ने टांगी लेकर एक एसआइ पर हमला कर दिया। उनके सिर में अंदरूनी चोट आयी है। इधर काफी हाइवोल्टेज ड्रामा के बाद पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ कर थाना ले आयी। साथ ही पुलिस पर हमला करनेवाले आरोपी पिता को भी हिरासत में ले लिया। दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही अन्य आरोपियों के नाम भी बताये हैं।

### ऐसे घटी घटना

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन गांव में एक युवक की शादी थी। रात करीब 10 बजे नाच-गाना शुरू हुआ, जिसमें सभी शामिल हुए। रात करीब 11 बजे आरोपी दोनों बच्चियों को पकड़ कर एक नये मकान में ले गये। वहां रात भर सभी ने उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद अहले सुबह दोनों को डरा धमका कर शादी घर में छोड़ कर भाग निकले।

## 8,200 करोड़ का रेलवे प्रोजेक्ट लांच किया

# मोदी ने पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी। उन्होंने राज्य में 8,200 करोड़ के रेलवे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इसमें पुरी और कटक रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट भी शामिल है। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इन सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए। नयी वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी से हावड़ा के बीच चलेगी। ये ट्रेन ओड़िशा के खोरधा, कटक, जाजपुर, भद्रक, बालासोर और पश्चिम बंगाल के पश्चिम और पूर्वी मेदिनीपुर जिले से होकर गुजरेगी। पांच सौ किलोमीटर के इस सफर को ट्रेन साढ़े छह घंटे में पूरा करेगी। इसके पहले प्रधानमंत्री ने दिल्ली के प्रगति मैदान में इंटरनेशनल म्यूजियम एक्सपो का भी उद्घाटन किया। ये एक्सपो आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसमें दुनिया भर के सांस्कृतिक संस्थानों और संग्रहालयों के डेलिगेशन भी शामिल हुए।




# बंगाल में दिखायी जायेगी फिल्म 'द केरला स्टोरी'

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में फिल्म 'दि केरला स्टोरी' पर बैन के फैसले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि फिल्म देखने वालों की सुरक्षा भी तय की जाये। कोर्ट ने कहा कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेशन देने के खिलाफ भी याचिकाएं दाखिल की गयी हैं। इन पर सुनवाई से पहले हम भी यह फिल्म देखना चाहेंगे। अदालत ने कहा कि इस फिल्म में 32 हजार महिलाओं के इस्लाम कुबूल करने वाले आरोपों पर डिस्क्लेमर लगाया जाये और प्रोड्यूसर ये काम 20 मई को शाम 5 बजे से पहले करें। आप जनता की असहिष्णुता को अहमियत देकर अगर कानून का ऐसे इस्तेमाल करेंगे, तो हर फिल्म का यही हाल होगा। राज्य का कर्तव्य है कि वह कानून-व्यवस्था को कायम रखे। फिल्म प्रोड्यूसर की ओर से सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने भी माना कि 32 हजार महिलाओं के इस्लाम कबूल करने को सही ठहराने का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे डिस्क्लेमर में दिया जायेगा।

गौरतलब है कि इस फिल्म पर पश्चिम बंगाल में सरकार ने जबकि तमिलनाडु में थियेटर ओनर्स ने बैन लगाया था। कोलकाता और मद्रास हाइकोर्ट ने इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट अब इन दोनों हाइकोर्ट के फैसले पर गर्मियों की छुट्टी के बाद 18 जुलाई को सुनवाई करेगा।

## कृषि सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

# वर्ष 2022-23 की स्वीकृत योजनाएं हर हाल में 15 जून तक पूर्ण करें पदाधिकारी : सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने निर्देश दिया है कि स्वीकृत्यादेश प्राप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 की लंबित योजनाओं को किसी भी हाल में 15 जून तक पूरा करें। साथ ही चेतावनी दी कि अगर योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी, तो संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 की तालाब, डीप बोरिंग, परकुलेशन की योजनाओं की स्वीकृति 31 मई तक सुनिश्चित करें। सचिव नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी जिले से आये जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं जिला सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

सचिव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कृषि से संबंधित मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही विभागीय निदेशक यह सुनिश्चित करें कि विभाग की ओर से विभिन्न जिलों को आवंटित की गई राशि का व्यय नियमानुसार हो। निदेशक इसकी मॉनिटरिंग खुद करेंगे। उन्होंने कहा कि कैलेंडर तैयार कर मेले और प्रदर्शनी की तारीख तय की जाए तथा इसका व्यापक तौर पर प्रचार - प्रसार किया जाए। 15 जून तक सभी प्रखंडों में मेले का आयोजन सुनिश्चित होना चाहिए। प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री कृषि फसल राहत योजना का फ्लैक्स लगाया जाए ताकि किसान पूरी जागरूकता के साथ योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

सिद्दिकी ने प्रमोशन ऑफ द अर्बन फार्मिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए जिलास्तर पर एक कमेटी गठित करें, ताकि योजना फलीभूत हो सके। उद्यान विकास योजना के लिए विशेषज्ञों की राय लेने का भी उन्होंने निर्देश दिया। सॉयल कन्जर्वेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी चालू योजनाएं हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए तथा उसका बिल जेनरेट कर भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही पीएल एकाउंट से ली गई जलनिधि की योजनाओं को पूरा करें। 31 मई तक सभी आवेदित डीप बोरिंग की स्वीकृति मिले, यह सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से कृषि निदेशक चंदन कुमार, विभाग के विभिन्न निदेशालयों के निदेशक सहित सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारी व जिला उद्यान पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 18 मई गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह शिष्टाचार भेंट थी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन समारोह




**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एक्सट्रावेगेंस-समर कैंप का समापन हो गया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों की एक सभा आयोजित की गयी। इसकी शुरूआत एक प्रेरक गीत से हुई। इसके बाद नृत्य प्रदर्शन और जुम्बा सत्र ने दिन के माहौल को जगमगा दिया। छात्रों ने समर कैम्प की अपनी पूरी यात्रा के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वे भविष्य में इस तरह के और आयोजनों की प्रतीक्षा करेंगे। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने समर कैंप के सफल आयोजन में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कार्यक्रम की सफलता पर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास के लिए स्कूल द्वारा इस तरह के और आयोजन करने की बात कही।

## झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी तीन दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे रांची

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर सेवा विमान से पटना से रांची आयेंगे। एयरपोर्ट पर जदयू नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद चौधरी रांची से रामगढ़ के लिए रवाना होंगे। वहां जिला के कुजू (नया मोड़) में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। झारखंड प्रवास के दौरान 20 मई को चौधरी रामगढ़ के मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद हजारीबाग जायेंगे। वहां आयोजित जदयू कार्यकताओं के सम्मेलन में शामिल होंगे। 21 मई को वह चतरा में जदयू कार्यकताओं के सम्मेलन में भाग लेंगे। चौधरी चतरा से सड़क मार्ग से बिहार वापस लौट जायेंगे। प्रवास के दौरान 19 और 20 मई को रात्रि विश्राम रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में करेंगे। जिलों में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों में जुटे हुए है।

## किस नियोजन नीति के तहत हो रही शिक्षकों की नियुक्ति: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने नियोजन नीति के सवाल पर फिर एक बार मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया। श्री प्रकाश गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 19 मई को खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में राज्य के 3469 हाइस्कूल शिक्षकों को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में मंच से राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को बतायें कि ये नियुक्ति पत्र किस नियोजन नीति के तहत बांटे जा रहे। राज्य की जनता यह जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि जहां तक इन शिक्षकों की नियुक्तियों का सवाल है, तो जनता और अभ्यर्थी जानते हैं कि यह नियुक्ति भाजपा सरकार की देन है। इससे संबंधित विज्ञापन पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल 2016 में निकाला गया था। परीक्षाएं भी भाजपा सरकार में हुई थीं, लेकिन कतिपय कारणों से जब मामला न्यायालय में गया, तो ये हेमंत सरकार ही हं, जिसने बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए महंगे वकीलों के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध कराया।

उन्होंने कहा, बावजूद इसके उच्चतम न्यायालय ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसले दिये और नियुक्ति के लिए राज्य सरकार को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया कि रघुवर सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया संवैधानिक रूप से सही थी।

श्री प्रकाश ने कहा कि एक तरफ यह सरकार नियोजन नीति के नाम पर बेरोजगारों को दिग्भ्रमित करती है, दूसरी ओर नियुक्तियां बांट कर अपना पीठ भी थपथपाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि आखिर साढ़े तीन वर्षों तक नियुक्तियों को लटकाने भटकाने का जिम्मेवार कौन है? क्यों इन नियुक्तियों के खिलाफ लड़ाई लड़ने केलिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए।

उन्होंने कहा कि यह विचित्र सरकार है जो एक तरफ नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध करने केलिए भी पैसा पानी की तरह खर्च करती है दूसरी तरफ उसी विज्ञापन से संबंधित नियुक्ति पत्र बांटकर विज्ञापन के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च कर अपना पीठ भी थपथपाती है।

## दुमका के माइनिंग चालान से पाकुड़ जिला में पत्थरों की ढुलाई: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर नसीहत दी है। उन्होंने अपने ट्वीट् में लिखा है कि खबरों से पता चला है कि दुमका के माइनिंग चालान से पाकुड़ जिला में पत्थरों की ढुलाई हो रही थी। पाकुड़ डीसी के पत्र पर दुमका डीसी जांच टीम से जांच करा रहे हैं। कोलकाता के जिस सीटीएस कंपनी के हरिपुर (शिकारीपाड़ा) स्थित क्रशर प्लांट का चालान पाकुड़ में पकड़ाया, उस कंपनी के लोगों ने दुमका प्रशासन की टीम को सहयोग करने से साफ मना कर दिया। जांच टीम जब पिनरगड़िया जेबीआर रेलवे रैक पॉइंट पहुंची तो जेबीआर के कर्मियों ने भी प्रशासन की टीम को सहयोग नहीं किया। जांच में सहयोग नहीं करने की हिम्मत ऐसे लोगों को कहां से मिलती है? वैसे इलाके में चर्चा है कि ये घपला झारखंड के प्रभावशाली परिवार से जुड़ा हुआ है। इसलिए बिल्ली के गले घंटी बांधने का साहस कोई नहीं कर रहा है। दो जिलों से जुड़े ऐसे खनन मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराइये मुख्यमंत्री हेमंत जी। वरना देर-सबेर इडी या कोई अन्य केंद्रीय एजेंसी तो जांच करने आयेगी ही।

**राज्य की बिजली व्यवस्था पर भी जतायी चिंता :** माननीय मुख्यमंत्री जी, राज्य की जनता बिजली की भारी कमी और विभाग की कुव्यवस्था से त्रस्त है। दूसरी तरफ ऊर्जा विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटर लगवा कर सभी मायने में स्मार्ट बनने के लिए व्यस्त और मस्त हैं। आप मुख्यमंत्री के साथ विभागीय मंत्री भी हैं, कब तक जनता को त्राहिमाम करवायेंगे?

# विधानसभा में नमाज कक्ष आवंटन की हो रही जांच, सुनवाई 22 जून को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नमाज के लिए आवंटित अलग कक्ष मामले की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। विधानसभा की ओर से अदालत को शपथ पत्र के माध्यम से बताया गया कि इस मामले में विधानसभा में सात विधायकों की कमेटी बनी है। यह कमेटी सर्वदलीय है। कमेटी मामले की जांच कर रही है। यह अपनी रिपोर्ट 31 जुलाई तक सौंपेगी। नमाज कक्ष आवंटन मामले में सुनवाई के दौरान झारखंड विधानसभा की ओर से दायर शपथ पत्र कोर्ट की रिकॉर्ड में नहीं आ सका। ऐसे में हाइकोर्ट ने प्रार्थी को एक बार फिर से जवाब देने को कहा है। इस निर्देश के बाद अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने तारीख मुकर्रर कर दी है। अब नमाज कक्ष मामले में अगली सुनवाई 22 जून को की जायेगी। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

**सरकार ने कमिटी गठन की दी थी जानकारी :** चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में दो मई को हुई सुनवाई में महाधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड विधानसभा ने नमाज कक्ष आवंटन मामले की जांच के लिए कमेटी बनायी गयी है। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उसे अदालत में पेश किया जायेगा।

**अजय मोदी ने दायर किया है पीआइएल :** झारखंड विधानसभा में स्पीकर रवींद्र महतो द्वारा अल्पसंख्यक विधायकों और कर्मियों के लिए आवंटित नमाज कक्ष को लेकर हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। यह याचिका अजय कुमार मोदी ने दायर की है।

**विपक्षी दलों ने जतायी थी आपत्ति :** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के निर्देश पर विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी पत्र के बाद विपक्षी दलों के इसका विरोध शुरू कर दिया था। विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा विरोध किया था।

## झामुमो विधायक चमरा लिंडा बरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अनामिका किस्कू की अदालत ने सरकारी आदेश और आचार संहिता उल्लंघन मामले में आरोपित बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा को गुरुवार को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान झामुमो विधायक चमरा लिंडा कोर्ट के समक्ष उपस्थित थे। इससे पूर्व मामले में विधायक के खिलाफ आरोप गठित हुआ था। उल्लेखनीय है कि 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान चमरा लिंडा के खिलाफ गुमला थाना में कांड संख्या 367/19 दर्ज किया गया था।

## जेयूवीएनएल पर एक लाख रुपये का जुर्माना कर्मचारी को दोबारा बहाल करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट से जेयूवीएनएल को करारा झटका लगा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में गुरुवार को राज कुमार भदानी की नियुक्ति से जुड़े मामले में जेयूवीएनएल (झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड) पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। भदानी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि स्विच बोर्ड ऑपरेटर के पद पर उनकी नियमित नियुक्ति वर्ष 2016 में हुई थी, लेकिन नियुक्ति के एक वर्ष बाद उन्हें यह कह कर हटा दिया गया कि उनकी डिग्री सेवा के अनुरूप नहीं है। सुनवाई के दौरान राजकुमार के अधिवक्ता धनंजय पाठक ने अदालत को बताया कि जिस पद पर नियुक्ति की गयी है, उसी पद पर पिछले आठ वर्ष से ज्यादा समय से राजकुमार संविदा पर कार्य कर रहे हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जेयूवीएनएल को आदेश दिया कि राजकुमार को दोबारा बहाल किया जाये।

## दिव्यांग बच्चों के लिए छह माह में स्पेशल इंस्ट्रक्टर नियुक्ति करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार के जवाब को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के रूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति कर ली जायेगी।

## विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले को ट्रांसफर करने के मामले की सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाली पीड़ित महिला (सूचक) की ओर से ट्रायल को दुमका सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने को लेकर दायर ट्रांसफर पिटिशन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट द्वारा प्रदीप यादव को जारी नोटिस के आलोक में गुरुवार को उनकी ओर से अधिवक्ता ललित यादव वकालतनामा दायर कर अदालत में हाजिर हुए।

वहीं कोर्ट ने मामले में होटल शिव सृष्टि पैलेस, कुंदा, देवघर के जनरल मैनेजर तुषा सिन्हा को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। पीड़िता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वह बोकारो में अकेली रहती है, उसके अभिभावक बुजुर्ग है। उसके द्वारा देवघर महिला थाने में दर्ज केस की ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रही है। ट्रायल अभी लंबित है। बोकारो से दुमका की दूरी काफी ज्यादा होने के कारण उसे काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में ट्रायल को सेशन जज बोकारो के पास ट्रांसफर किया जाय। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज करायी थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाइकोर्ट से बेल मिली है।

## चाईबासा मामले में हाइकोर्ट में राहुल की याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह बाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े चाइबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने 2 सप्ताह का समय वादी को प्रदान किया है।

प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू एवं अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की। यह सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। इसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर चाईबासा कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। इसी संज्ञान आदेश को राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# दलबदल मामले में दायर शिकायत पर सुनवाई हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की (पूर्व विधायक) के दलबदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में दायर शिकायत पर गुरुवार को सुनवाई हुई। प्रदीप यादव के खिलाफ दर्ज तीन शिकायतों में से एक में गवाही हुई। भाजपा नेता सरोज सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन सहाय ने गवाही दी। वहीं विधायक समरी लाल और विनोद शर्मा की ओर से गवाही देने के लिए समय मांगा गया। सुनवाई के दौरान प्रदीप यादव के वकील सुमित गड़ोदिया ने कहा कि जब सारी बातें सामने आ चुकी हैं, तो गवाही की क्या जरूरत है। जल्द से जल्द मामले में फैसला सुनाया जाना चाहिए। दोनों पक्ष को सुनने के बाद स्पीकर ने अगली तारीख को सुनवाई करने की बात कही। हालांकि अभी अगली सुनवाई की तारीख नहीं दी गयी है।जनवरी 2020 में स्पीकर के न्यायाधिकरण में प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के खिलाफ दलबदल (झाविमो से कांग्रेस जाने) की शिकायत की गयी थी। आय से अधिक संपत्ति में तीन साल की सजा मिलने के बाद बंधु तिर्की की विधानसभा सदस्यता जा चुकी है। वहीं प्रदीप यादव के मामले में कई बार सुनवाई हो चुकी है। इससे पहले पिछले साल 1 सितंबर को दलबदल मामले में 4 बिंदुओं पर सुनवाई हुई थी।

# पुलिस की लापरवाही से 19 महीने जेल में रहा बेकसूर सूरज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने सूरज कुमार सोनी को हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। नगड़ी थाना से जुड़े कांड संख्या 157/21 में सूरज कुमार को विमल कुमार महतो की हत्या का आरोपी बनाया गया था। करीब 19 महीने तक सूरज को उस जुर्म के लिए जेल में रहना पड़ा, जो उसने किया ही नहीं था। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 15 दिनेश कुमार की कोर्ट में इस केस का ट्रायल हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किये गये। जिन पुलिस अधिकारियों ने सूरज को गिरफ्तार किया था, उन्होंने अपनी गवाही में कहा कि ये वह युवक नहीं हैं, जो अमित की हत्या का आरोपी है। सूरज की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय और राकेश तिवारी ने बहस की। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि जो व्यक्ति इस केस में आरोपी है, वह अब तक फरार है।

**मृतक के भाई के आवेदन से हुआ खुलासा :** बता दें कि इस मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ चुके हैं. पुलिस ने हत्या के मामले में नामजद आरोपी को पकड़ कर छोड़ दिया और उसी नाम के निर्दोष युवक को जेल भेज दिया. जहां बीते नौ सितंबर 2021 को विमल महतो की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में नगड़ी थाना की पुलिस ने बीते 12 अक्टूबर 2021 को कल्लू उर्फ सूरज सोनी के बदले दूसरे युवक सूरज सोनी और एक अन्य युवक को जेल भेज दिया था। मृतक विमल महतो के भाई ने बीते 6 मई 2022 को कोर्ट में शपथ पर बयान दिया है कि यह बात सही है कि वर्तमान में जेल में बंद सूरज सोनी के खिलाफ पुलिस में आवेदन नहीं दिया था, लेकिन मैंने कल्लू उर्फ सूरज सोनी जिसके पिता का नाम कार्तिक सोनी है और वह गुमला का रहने वाला है। उसके खिलाफ आवेदन दिया था। मैंने घटनास्थल पर उसी को देखा था। कल्लू उर्फ सूरज सोनी वर्तमान में एक रेस्टोरेंट में काम करता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 39.8 °c | 25.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी। भागीदारों में मनमुटाव दूर होगा। धन लाभ का योग है।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते है।

# तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव शुरू, भव्य शोभायात्रा निकाली





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा मनी टोला में जेष्ठ आमावस्या के अवसर पर मां जगदंबा ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव की शुरुआत हुई। गुरुवार को पहले दिन मां काली की भव्य शोभायात्रा और जुलूस निकाली गयी। हिनू के मां मनोकामना काली मंदिर परिसर से मुख्य पुजारी रमेश पासवान उर्फ मास्टर के नेतृत्व में हजारों महिलाओं और पुरुषों ने नाचते, गाते धूमधाम से शोभायात्रा निकाली।

इस दौरान पद्मश्री मुकुंद नायक, कांग्रेस नेता व समाजसेवी आलोक कुमार दूबे, विनय सिन्हा दीपू, समाजसेवी वीरेंद्र प्रधान, सुबोध सिंह गुड्डू, कन्हैया कुमार, शिवजी सिंह, विमला कुमारी, उर्मिला उरांव देवी, शंभू गुप्ता, अनूप श्रीवास्तव, सुमीत जायसवाल, पंकज प्रियदर्शी, दीपक कुमार, अरुण मिश्रा, शंभू गुप्ता, डोरंडा महावीर मडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे उपस्थित रहे। शोभायात्रा हीनू और डोरंडा के विभिन्न मार्गों से गुजरकर वापस मंदिर परिसर में लौटी जहां पूजा अर्चना के साथ इस यात्रा का समापन हुआ। पूरे मंदिर परिसर को लाइट और फूलों से सजाया गया था, वहीं मंदिर परिसर में कई तोरण द्वार बनाये गये हैं। बता दें कि मनोकामना मंदिर की मान्यता है कि यहां भक्तों की हर मुराद पूरी होती है। शोभायात्रा में शामिल मुख्य पुजारी रमेश पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के 2 वर्षों के उपरांत बड़ा पूजा महोत्सव में हजारों महिलाएं और गांव के लोग शामिल हो रहे हैं, भगवान सबकी मुरादें पूरी करें। उन्होंने राज्य की खुशहाली, तरक्की, प्रगति, भाईचारगी, अमन और शांति के लिए मां काली से आशीर्वाद मांगा। वहीं बड़ा पूजा महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य विनय सिन्हा दीपू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे से भक्तों के लिए पूजा प्रारंभ होगी और भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इसके साथ ही पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राजधानी वासियों को तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पूरा क्षेत्र भक्तिमय धुन से गुंजायमान है, हजारों लोग श्रद्धा, आस्था, विश्वास और मनोकामना पूर्ति की आशा के साथ मां काली की अराधना करते हैं। समाजसेवी वीरेंद्र प्रधान ने तीन दिवसीय बड़ा महोत्सव आयोजन में महती भूमिका निभा रहे सभी पदाधिकारियों को सहृदय धन्यवाद और बधाई दी है। उन्होंने कहा मनोकामना मां सबका कल्याण करेंगी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय नीति आयोग की 27 मई को दिल्ली में होने वाली बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। इसमें झारखंड सरकार का बकाया, कोयला रॉयल्टी सहित कई मुद्दों को फिर से गंभीरता से रखा जाएगा। सात महीने पहले हुई नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ बैठक में भी झारखंड सरकार ने कई मुद्दों को उठाया था लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई पहल केंद्र सरकार ने नहीं की है। इसलिए यह बैठक काफी अहम है। झारखंड सरकार की कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सरकार ने जल्द से जल्द इन परियोजनाओं पर सहमति की मांग की है, ताकि झारखंड के विकास की रफ्तार तेज हो सके। साथ ही केंद्र सरकार से बकाया चुकाने की मांग की जाएगी। जीएसटी कंपनसेशन के रूप में 1880 करोड़ रुपये बकाया, कोयला कंपनियों द्वारा राज्य में 53 हजार एकड़ जमीन का इस्तेमाल के एवज में बतौर टैक्स आठ हजार करोड़ की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई मामलों को झारखंड सरकार उठायेगी।

### डीजीपी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले सब-इंस्पेक्टर अनिमेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस डीजीपी अजय कुमार सिंह ने राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना में पदस्थापित पुअनि अनिमेश शांतिकारी को अनुसंधाकर्ता और उत्कृष्ट प्रदर्शन कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। शांतिकारी को यह सम्मान नामकुम थाना में दिनांक 13 जून 2020 में केस संख्या-118/2020 में दिया गया है। उन्होंने डोडा और अफीम के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एसआइ अनिमेश शांतिकारी को हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा और अरगोड़ा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विनोद कुमार सहित अन्य ने बधाई और शुभकामना दी है।

### फायरिंग ट्रेनिंग में 13 वायरलेस इंस्पेक्टर सफल

**रांची (आजाद सिपाही)।** फायरिंग ट्रेनिंग में 13 वायरलेस इंस्पेक्टर पास हो गये हैं। इनमें रौशन कुमार उरांव, विकास प्रसाद, रिंकी कुमारी, धनिष कुमार सिंह, दीनबंधु हांसदा, लीना कुमारी सोरेन, विकास कुमार, देवकुमार, मृगेंद्र शनि, राखो हरि मुंडा, अंशु कुमारी सिंह, दुर्गेश कुमार और मो निजामुद्दीन शामिल हैं। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इससे पूर्व पुलिस वायरलेस के नवनियुक्त 13 प्रशिक्षु इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में फेल हो गये थे। इसके बाद इन सभी की 28 अप्रैल को एसआइआरबी-दो ने खूंटी में ट्रेनिंग आयोजित की थी। ट्रेनिंग के बाद सभी 13 इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में पास हो गये।

### फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची पुलिस ने फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में सिटी एसपी ने रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में ऐसे कई यूट्यूब न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल, न्यूज एप, इंटरनेट वेबसाइट हैं, जो सूचना और जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध नहीं हैं। इस तरह के चैनल में चार-पांच लोग काम करते हैं और उस चैनल का आइडी कार्ड धारण कर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हैं। इनका कोई भी पंजीकृत कार्यालय नहीं होता है। ये लोग अपने आपको चैनल का पत्रकार और संपादक बताते हुए विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था के लिए ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारियों पर दबाव भी डालने का प्रयास करते हैं। इनके द्वारा कई बार भ्रामक और गलत ढंग से खबरों को प्रकाशित करने की बात सामने आयी है। इस विषय पर विचार-विमर्श के लिए सिटी एसपी ऑफिस में उपस्थित होने का कष्ट किया जाये।

### झारखंड के चार विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति की जायेगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के चार विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति होगी। इसके अलावा प्रो-वाइस चांसलर की नियुक्ति के लिए भी विज्ञापन जारी हो चुका है। राज्यपाल सचिवालय ने कहा है कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अलावा सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, पलामू और कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाइबासा में वीसी की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। इसके अलावा रांची विश्वविद्यालय के साथ-साथ विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू और कोल्हान विश्वविद्यालय, चाइबासा के लिए प्रो- वीसी की नियुक्ति होनी है। एकेडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव और अन्य जरूरी अनुभव रखनेवाले कैंडिडेट वीसी, प्रो- वीसी के पदों के लिए निर्धारित योग्यता के तहत आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में अगले माह जून के अंत तक पांच कुलपति और दो प्रति कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

### अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में झारखंड के प्रवीण कुमार शामिल

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय ग्रैपलिंग कमेटी ने अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। बोर्ड में सात सदस्य रखे गये हैं। इसमें झारखंड के प्रवीण कुमार को भी जगह मिली है। बोर्ड में हरियाणा के प्रवीण शर्मा, उत्तरप्रदेश के संजय राय, चंडीगढ़ के मनोज टूल, असम के हजारिका, महाराष्ट्र के प्रशांत नवगिरे और छत्तीसगढ़ के उमेश साहू को भी शामिल किया गया है। सदस्य ग्रैपलिंग खेल और इससे जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ खेल के विकास को लेकर सलाह देंगे। अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में प्राथमिक तौर पर इसमें सात सदस्य होते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर और बेहतर ढंग से कार्यों को निष्पादित करने के लिए बोर्ड सदस्यों की एक कोर कमेटी भी काम करती है। यह कोर कमेटी योजनाबद्ध तरीके से लिखित रूप में अध्यक्ष या सचिव को सुझाव देती है। ये बोर्ड किसी भी राज्य समिति या उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। ये सदस्य केवल राज्यों के लिए योजना बनायेंगे और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए हर माह दूसरे शनिवार को बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

## मेकॉन निर्मित एकीकृत सेमी-क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण सुविधा का संचालन शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आइपीआरसी-इसरो) में नव-स्थापित अर्ध-क्रायोजेनिक एकीकृत इंजन का पहला परीक्षण सफल रहा है। इस कामयाबी के साथ ही मेकॉन ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 10 मई को तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में जिस टेस्ट स्टैंड पर इस सेमी क्रायोजेनिक इंजन का स्थैतिक हॉट टेस्ट किया गया, उसका निर्माण मेकॉन ने किया है। सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम पर इस तरह के परीक्षण के लिए मेकॉन द्वारा बनायी गयी यह अपनी तरह की पहली परीक्षण सुविधा है। ये कामयाबी न केवल अंतरिक्ष मानव मिशन के भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकर करने की दिशा में एक लंबी छलांग भी है।

## सीएमपीडीआइ ने वृद्धा सेवा आश्रम को सेमी-फाउलर पेसेंट बिस्तर प्रदान किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद ने अपने सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के तहत लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम, धनबाद को वाटरप्रूफ गद्दे के साथ 25 सेमी-फाउलर पेसेंट बिस्तर प्रदान किया। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद के क्षेत्रीय निदेशक राजीव कुमार सिन्हा ने अपनी सीएसआर टीम के साथ लालमणि आश्रम का दौरा किया। लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम ने सीएमपीडीआइ के सीएसआर पहल के प्रति अपना आभार प्रकट किया और कहा कि इससे उन्हें बहुत ही लाभ होगा।

## कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को जेल भेजा गया

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को प्रस्तुत किया। कोर्ट ने उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। इससे पूर्व उसे कड़ी सुरक्षा के बीच डीएसपी भोला प्रसाद के नेतृत्व में एटीएस की टीम लेकर कोर्ट पहुंची थी। पेशी से पूर्व उसकी मेडिकल जांच भी करायी गयी। वहीं दूसरी ओर एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेने के लिए आवेदन भी दिया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस की टीम बुधवार को मुंबई से लेकर रांची पहुंची थी।

## नीलगाय के मांस के साथ एक गिरफ्तार

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गावां थाना क्षेत्र के धनेता गांव में वन विभाग की टीम ने जंगली नील गाय के मांस के साथ एक को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उसे जेल भेजा जायेगा। गिरफ्तार शुक्रर उर्फ गुड्डू धनेता का रहनेवाला है। बताया जाता है कि जंगल से नील गाय के बच्चे को मार कर धनेता एक झोंपड़ी में उसका मांस बेच रहा था। सूचना के बाद वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर वनकर्मियों को भेजा गया। मौके से लगभग ढाई किलो मांस, खाल आदि के साथ ही शुक्रर को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि बुधवार देर शाम ही आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

## अनुकंपा समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**रांची (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति ने सामान्य और उग्रवाद से संबंधित अभ्यावेदनों पर चर्चा की। साथ ही जिले में तृतीय और चतुर्थ संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी, एमईसीपी, अनुकंपा, प्रमोशन इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कई निर्णय लिए गए। अनुकंपा के आधार पर सामान्य के छह मामले समिति के समक्ष आए। विचार-विमर्श के बाद समिति ने चार मामलों को स्वीकृति दी। एक अभ्यावेदन को समिति ने अस्वीकृत कर दिया जबकि एक में विभाग से संबंधित दस्तावेज मांगने का निर्देश दिया। उग्रवाद हिंसा से संबंधित एक मामले में भी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रधान लिपिक के पद पर 30 और उच्च वर्गीय लिपिक पद पर 66 तथा शेष अन्य पदों के लिए सभी को प्रमोशन देते हुए उनके वित्तीय लाभ को समिति की ओर से तय किया गया।

## मारवाड़ी कॉलेज के 16 छात्रों का गांधी फेलोशिप में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित कैंपस ड्राइव में मनोविज्ञान, कॉमर्स, विज्ञान, फाइन आर्ट्स, मैनेजमेंट और ह्यूमिनीटीज के 16 विद्यार्थियों का गांधी फेलोशिप में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सौरभ कुमार सोनी, अतुल कुमार, अंजलि कुमारी, ममता कुमारी, सत्यम कुमार, कृति कुमारी, नेहा कुमारी, श्वेत कुमार सुमन, अनिकेत शर्मा, अंजलि कुमारी, अनुप्रिया, रुचिता कुमारी, सिमरन कुमारी, रौशन कुमार, नीलम कुमारी और मेघा कुमारी गुप्ता शामिल हैं। इन सभी 16 चयनित छात्रों को वर्क लोकेशन राजस्थान, मध्य प्रदेश, मणिपुर, गुजरात और ओडिशा दिया गया है।

चयनित छात्रों का साक्षात्कार दो अलग-अलग चरणों में हुआ था। पहला साक्षात्कार 12-13 फरवरी और दूसरा 18-19 अप्रैल को मारवाड़ी कॉलेज में हुआ। इस दौरान गांधी फेलोशिप के ईस्ट जोन के प्रोग्राम लीडर मार्केटिंग एंड रिक्रूटमेंट हेड अमृत आनंद और उनके साथ 20 लोगों की एक्जीक्यूटिव टीम उपस्थित थी। चयनित विद्यार्थियों को सालाना मानदेय तीन से चाख लाख होगा और साथ में रहने, खाने, आने-जाने का प्रबंध कंपनी के द्वारा किया जायेगा। इन्हें काम करने के लिए लैपटॉप अथवा टैबलेट, गाड़ी और मोबाइल की भी सुविधा दी जाएगी।

ये सभी छात्र स्कूल-कॉलेज के शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे और इसकी रिपोर्ट जिला के डीएम को देंगे। दो साल बाद इन्हें नीति आयोग के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। सभी चयनित छात्रों को प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने ऑफर लेटर दिया और अपने मंजिल की और सच्ची निष्ठा और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा। प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ आरआर शर्मा, असिस्टेंट एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ. उमेश कुमार और प्लेसमेंट सेल के असिस्टेंट को- ऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## पंचायत सचिव पद के लिए चयनित उम्मीदवारों का डाक्यूमेंट सत्यापन आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिव पद के लिए चयनित उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट सत्यापन 19 मई को होगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पंचायत सचिव उम्मीदवारों का 19 मई सुबह 11 बजे से कचहरी रोड स्थित विकास भवन में डॉक्यूमेंट सत्यापन होगा। उम्मीदवारों को दो फोटो और डॉक्यूमेंट लाना अनिवार्य है। पंचायत सचिव के 1633 चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 मई को नियुक्ति पत्र देंगे। पंचायती राज विभाग ने नियुक्ति से संबंधित निर्देश जारी कर दिया है। पूर्व में जिन उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट सत्यापन पूरा हो चुका है, उनसे जिला का प्रेफरेंस मांगा गया था। इसके बाद उन्हें जिला अलॉट किया गया। अभी भी कुछ उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट सत्यापन चल रहा है। ऐसे में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच 22 मई से पहले पूरा करने को कहा गया है।

## जीवन में आर्ट ऑफ गिविंग एक अप्रतिम संतोष की अनुभूति प्रदान करता है : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन और आर्ट ऑफ गिविंग, किट्स के संयुक्त सौजन्य से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जैकब सभागार में शिक्षकेतर कर्मियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मूल रूप से आर्ट ऑफ गिविंग यानि देने की कला की स्थापना कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, किट्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के द्वारा 17 मई 2013को की गयी थी। आज इसी आर्ट ऑफ गिविंग की स्थापना के 10वें वर्ष के दिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के संयुक्त सौजन्य से विश्वविद्यालय के पांच कर्मियों, मंगरू उरांव, सुनीता टोप्पो, लक्ष्मी देवी, अनुराधा कच्छप और निर्मल प्रभाकर सरीफा को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा सम्मानित कर इसके अंतर्गत निहित भावार्थ को मूल रूप से व्यावहारिक बनाने की पहल की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी, रांची के कुलपति डॉ टीएन साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सम्मान चाहता है और यह सम्मान हम आपसी आदान प्रदान के माध्यम से कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमारे कार्यालयी क्रियाकलापों में शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों की महत्वपूर्ण सहभागिता रहती है। यह आर्ट ऑफ गिविंग के माध्यम से संभव हो पाया है कि आज विश्वविद्यालय उनमें से पांच कर्मियों को सम्मानित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा और सतत विकास की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इस आर्ट ऑफ गिविंग के माध्यम से यह परंपरा आगे भी विश्वविद्यालय में बरकरार रहे, ऐसा विश्वविद्यालय परिवार का प्रयास रहेगा। उन्होंने इसके लिए किट्स और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि आज इस सम्मान समारोह को आयोजित करते हुए उन्हें काफी प्रसन्नता का बोध हो रहा है। उन्होंने किट्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता और कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का आभार प्रकट किया।




इस अवसर पर शिक्षकेतर संघ के महासचिव रोहित कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन का ऐसे पहल के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार, राजू साव सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# सिद्धारमैया पर

कर्नाटक में कांग्रेस की जीत जितनी शानदार रही, उसे संभालना उतना ही मुश्किल साबित होने वाला है, इसका संकेत नतीजे आने के बाद तभी मिल गया, जब बेंगलुरु के एक होटल में अंदर विधायक दल की बैठक चल रही थी और बाहर सिद्दारमैया एवं डी शिवकुमार के समर्थक अपने-अपने नेता को सीएम बनाने की मांग करते हुए नारेबाजी कर रहे थे। बाद में मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया जिस तरह से लंबी खिंचती गयी, उससे यह परसेप्शन मजबूत हुआ कि प्रदेश कांग्रेस की गुटबाजी अभी से रंग दिखाने लगी है। अंततः सिद्दारमैया के सीएम बनने की मुहर लग गयी। इसमें दो राय नहीं कि प्रदेश कांग्रेस में सिद्दारमैया और शिवकुमार के रूप में दो बड़ी शख्सियतें पहले से रही हैं और उनमें जब-तब टकराव भी दिखता रहा है, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के व्यक्तित्व का प्रभाव कहिए या इन दोनों नेताओं की समझदारी, चुनावी लड़ाई के दौरान प्रदेश यूनिट एकजुट बनी रही, लेकिन यह एकता चुनावी नतीजे आने के बाद कमजोर पड़ती नजर आयी। वैसे, कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं को इस बात का श्रेय देना पड़ेगा कि उनके मतभेद सार्वजनिक बयानबाजी के रूप में बाहर नहीं आये और न ही कुछ ऐसा हुआ है, जिसे पार्टी से बगावत या पार्टी नेतृत्व को चेतावनी की श्रेणी में रखा जा सके। बल्कि, नाराजगी व्यक्त करने के दौरान भी शिवकुमार का यही बयान मीडिया में छाया रहा कि मैं न तो विश्वासघात करूंगा और न ब्लैकमेल करूंगा, पार्टी जो भी फैसला करेगी मुझे मान्य होगा। इसका अपना महत्व है, लेकिन इससे यह तथ्य बदल नहीं जाता कि परदे के पीछे पार्टी में सीएम पद को लेकर दोनों गुटों में घमासान चल रहा था। बहरहाल, फॉर्म्युला निकल गया। बहुमत हासिल करने के 5 दिन बाद कांग्रेस ने ऐलान कर दिया कि सिद्दारमैया ही सीएम होंगे। इसके बाद डीके शिवकुमार का बयान आया कि वे पार्टी हित में राजी हुए हैं। गुरुवार को सुबह सिद्धारमैया, केसी वेणुगोपाल, डीके और रणदीप सुरजेवाल ने एक साथ साथ नाश्ता किया। सहमति बनने के बाद पहली बार दोनों नेता साथ दिखे। लेकिन संबंधों में जो गांठ इस रस्साकशी से पड़ी है, वह रातों-रात दूर होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। सिद्दारमैया पक्ष उसमें जीता हुआ नजर आ रहा। ऐसे में दूसरे पक्ष के लिए आगे यह जताना जरूरी होगा कि उसकी हार नहीं हुई है और यह कि उसे हाशिये पर नहीं डाला जा सकता। लेकिन विधानसभा चुनावों की जीत चाहे जितनी भी जोरदार हो, आगामी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी इस तरह की स्थिति बनी नहीं रहने दे सकती। पार्टी नेतृत्व अगर चाहता है कि कर्नाटक जीत से निकले संदेश का प्रभाव टिका रहे और आगामी चुनावों के लिए माहौल बनाने में उसका इस्तेमाल हो सके तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसके बाद प्रदेश में सरकार और पार्टी पूरी सहजता और तालमेल के साथ काम करती नजर आती रहे।


**बहरहाल, फॉर्म्युला निकल गया। बहुमत हासिल करने के 5 दिन बाद कांग्रेस ने ऐलान कर दिया कि सिद्दारमैया ही सीएम होंगे। इसके बाद डीके शिवकुमार का बयान आया कि वे पार्टी हित में राजी हुए हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ईरान और सऊदी अरब में यह समझौता होने के बाद न तो दोनों देश दुश्मन से दोस्त बनेंगे और न ही बहुध्रुवीय मध्य-पूर्व के देशों में कोई रणनीतिक बदलाव आने की उम्मीद है। दरअसल चीन का उठाया गया यह कदम दुनिया को चौंकाता भी नहीं है, असल में पिछले कुछ वर्षों से चीन अपनी आक्रामक छवि बनने से परेशान था, हालांकि यह छवि उसने किसी के दबाव में नहीं, बल्कि चीन के तानाशाह शी जिनपिंग के कहने पर बनायी थी लेकिन आक्रामक छवि या वुल्फ वॉरियर वाली छवि से चीन अब बाहर निकलना चाहता था, क्योंकि पूरी दुनिया में चीन की एक आक्रामक छवि बन चुकी थी।**

# चीन की दक्षिणी क्षेत्रों में बढ़ती डिप्लोमेसी दुनिया के लिए चिंता का सबब

**गीता मोहन**



**असल में चीन शांति समझौता कराने वाले देश के तौर पर दुनिया में अमेरिका की जगह नहीं लेना चाहता, बल्कि चीन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रहे अवसरों को पकड़ कर दूसरों द्वारा किए गए कामों का फल खुद ही खाना चाहता है। वैसे भी इस समय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थायित्व से चीन की अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा लाभ मिलने वाला है, इसके साथ ही चीन के लिए वैश्विक स्तर पर अपनी छवि को सुधारना भी बहुत जरूरी है।**

चीन इन दिनों अमेरिका की टक्कर में आने की जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। इसके लिए चीन ने पहले अमरीका के विरोध में आक्रामक डिप्लोमेसी का सहारा लिया, लेकिन इस वजह से चीन का डिप्लोमेसी में जो स्थान था वह पिछले कुछ वर्षों में ही टूट कर चकनाचूर हो गया। इसी आक्रामकता के कारण चीन दुनिया में सिर्फ उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश का मित्र बनकर सिमट गया था, वैश्विक स्तर पर चीन को अपनी नीतियों में बदलाव करना पड़ा जिससे अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उसकी स्वीकार्यता बढ़े।

इसके लिए चीन ने एक बार फिर अमेरिका के जूतों में अपना पैर डालने की कोशिश की लेकिन इस बारे में रणनीतिक जानकारों का कहना है कि चीन की डिप्लोमेसी अभी इतनी परिपक्व नहीं हुई है कि वह अमरीका के बराबर खड़ा हो सके। ऐसा करने के दौरान यह जरूर हो सकता है कि दुनिया चीन को पूरी तरह नकार दे।

**असल में चीन शांति समझौता कराने वाले देश के तौर पर दुनिया में अमेरिका की जगह नहीं लेना चाहता।**

इसके लिए चीन ने ईरान और सऊदी अरब के बीच एक समझौता कराने की शुरुआत की जिसका कुछ असर भी हुआ और दोनों देशों ने वर्षों बाद आपसी राजनयिक संबंधों की एक बार फिर से शुरुआत करने की घोषणा की, जिसने दुनिया को आश्चर्य में जरूर डाल दिया है। वह दोनों देशों में सुलह कराने की कोशिश को खुद को अमेरिका के विकल्प के तौर पर पेश किया और दुनिया को यह दिखाने की कोशिश भी की है कि वुल्फ वॉरियर वाली छवि अब चीन बदलना चाहता है और पूरी दुनिया में शांति और स्थायित्व लाना चाहता है। इस बारे में कुछ लोगों का मानना है कि चीन द्वारा किया गया यह एक महत्वपूर्ण काम है, इससे पूरे मध्य-पूर्व क्षेत्र में अमेरिका को अपनी पकड़ बनाने के लिए फिर से काम करना पड़ेगा।

ईरान और सऊदी अरब में यह समझौता होने के बाद न तो दोनों देश दुश्मन से दोस्त बनेंगे और न ही बहुध्रुवीय मध्य-पूर्व के देशों में कोई रणनीतिक बदलाव आने की उम्मीद है। दरअसल चीन का उठाया गया यह कदम दुनिया को चौंकाता भी नहीं है, असल में पिछले कुछ वर्षों से चीन अपनी आक्रामक छवि बनने से परेशान था, हालांकि यह छवि उसने किसी के दबाव में नहीं, बल्कि चीन के तानाशाह शी जिनपिंग के कहने पर बनाई थी लेकिन आक्रामक छवि या वुल्फ वॉरियर वाली छवि से चीन अब बाहर निकलना चाहता था क्योंकि पूरी दुनिया में चीन की एक आक्रामक छवि बन चुकी थी।

चीन अब खुद को एक ऐसे देश के रूप में दुनिया के सामने पेश करना चाहता था, इसलिए उसने सकारात्मक डिप्लोमेसी का सहारा लिया, न सिर्फ मध्य-पूर्व में बल्कि दुनिया में अपनी ऐसी छवि बनाने की शुरुआत की। रणनीतिक मामलों में जानकार कहते हैं कि चीन चाहे किसी भी तरह से अपनी छवि बदलने की कोशिश कर ले लेकिन अंततः चीन अपने असली रूप में दुनिया के सामने आएगा और उसका असल चेहरा आक्रामक ही है। असल में चीन शांति समझौता कराने वाले देश के तौर पर दुनिया में अमेरिका की जगह नहीं लेना चाहता, बल्कि चीन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रहे अवसरों को पकड़ कर दूसरों द्वारा किए गए कामों का फल खुद ही खाना चाहता है। वैसे भी इस समय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थायित्व से चीन की अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा लाभ मिलने वाला है, इसके साथ ही चीन के लिए वैश्विक स्तर पर अपनी छवि को सुधारना भी बहुत जरूरी है। हाल ही में चीन ने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में मध्यस्थता करने की कोशिश की लेकिन चीन का यह प्रस्ताव साफ नहीं था और शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा को वैधता प्रदान करने जैसा था, चीन इस यात्रा से खुद को एक संतुलित और जिम्मेदार शक्ति सम्पन्न देश के रूप में पेश करना चाहता था। वहीं दूसरी तरफ चीन ने अरब देशों में एक-दूसरे के धुर विरोधी इसराईल और फिलस्तीन के बीच भी समझौता कराने की पहल की, लेकिन चीन ने इसके लिए कोई नयी योजना नहीं बनायी, बल्कि पुरानी योजनाओं में से एक को कार्यान्वित करने की कोशिश की, जैसा पहले भी कई देश कर चुके हैं और उन्हें भी इस पहल में शून्य सफलता मिली थी।

## जमशेदपुर की खबरें

### भाजयुमो बागबेड़ा मंडल ने क्षेत्र की जन समस्याओं से सांसद को कराया अवगत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजयुमो बागबेड़ा मंडल अध्यक्ष अंसुल कुमार के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल सांसद विद्युत वरण महतो से मुलाकात की। मौके पर बागबेड़ा की जनसमस्या को लेकर एक मांग पत्र सौपा। मंडल अध्यक्ष अंसुल कुमार ने बताया भीष्म गर्मी को देखते हुए बागबेड़ा कॉलोनी में पानी की समस्या बढ़ गई है। टैंकर से जलापूर्ति होने से लोगो को राहत मिलेगी। वही उन्होंने सांसद से लाल बिल्डिंग चौक और राजेंद्र विद्यालय के समीप हाई मास्ट लाइट लगाने का आग्रह किया। सांसद ने स्वीकार करते हुए जल्द समस्या का समाधान के लिए आश्वासन दिया। मौके पर भाजयुमो मंडल प्रभारी नीरज मिश्रा, महामंत्री मनोज सिंह और मोहित श्रीवास्तव, विनोद शाह, बिट्टू तिवारी मौजुत रहे।

### जेसीपी इम्प्लाइज यूनियन के छठी बार अध्यक्ष बने राकेश्वर पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जोजोबेरा सीमेंट प्लांट परिसर के यूनियन कार्यालय में जेसीपी एंप्लाइज यूनियन की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित आम सभा में दिवंगत कर्मचारियों और वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेताओं के स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट विनय त्रिवेदी ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। मौके पर यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने यूनियन की उपलब्धियों और कर्मचारी हित में किए गये कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक सभी कर्मचारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा यूनियन ने पिछले 2 वर्षों के अंदर पिछला वेतन समझौता एवं कर्मचारी पुत्रों की नियोजन संबंधी नीति और 35 वर्षों के लिए लोंग सर्विस अवॉर्ड सहित कई अन्य उपलब्धियां हासिल की। इसके अलावा यहां के कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा की स्कीम सबसे बेहतरीन की है। बीते कुछ वर्षों में दो कर्मचारी पुत्रों की नियुक्ति हुई। उन्होंने कहा सभी उपलब्धियां कर्मचारियों के सहयोग से ही संभव हो पाया। उन्होंने कहा जोजोबेरा सीमेंट प्लांट के कर्मचारी का वेतन हिंदुस्तान के सभी सीमेंट कंपनियों से बेहतरीन है, जिसकी मिसाल राष्ट्रीय स्तर पर दी जाती है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया आगे भी सभी इसी तरह से अपनी आपसी एकता को बनाए रखते हुए कंपनी के हित में कार्य करें। ताकि प्रबंधन और यूनियन दोनों के सहयोग से कर्मचारियों तक लाभ पहुंच सके। वही यूनियन के महामंत्री विजय खान ने आम सभा मे यूनियन की उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बताया। कोषाध्यक्ष पीवीआर मूर्ति ने यूनियन की वित्तीय स्थिति की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मोम पर यूनियन के नियुक्त चुनाव पदाधिकारी झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष विनोद राय ने चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की। सभी कर्मचारियों से चुनाव पर उनका मंतव्य व उनके विचार मांगा गया। यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट विनय त्रिवेदी ने पुनः यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे को कोप्ट करने पर प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन पीवीआर मूर्ति और विजय खान ने की। मौके पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया। उसके बाद पुनः राकेश्वर पांडे को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव संजीव श्रीवास्तव ने लाया। संजीव कुमार सिंह और विजय देव ने समर्थन किया। वकहि विजय खान ने अध्यक्ष राकेश्वर पांडे को यूनियन की पूरी कार्यकारिणी का गठन करने का प्रस्ताव लाया। रणवीर कर्मकार, विकास महतो व आनंद कुमार ने समर्थन किया। वही राकेश्वर पांडेय को पुनः छठी बार जेसीबी एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष चुने जाने पर सभी ने हर्षोल्लास के साथ माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वही सभी कर्मचारियो ने फूल माला से नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश्वर पांडे का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने वार्षिक आम सभा में उपस्थित सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट की। उन्होंने कहा सभी कर्मचारी से जो प्रेम और सम्मान मिला है उसका ऋणी हूं। उन्होंने कहा जोजोबड़ा सीमेंट प्लांट में आने वाले दिनों में किसी भी तरह की समस्याएं कर्मचारियो के लिए चुनौती नहीं बनेंगे। सभी मिलजुलकर के कर्मचारी हित में आगे काम करते हुए प्रबंधन व यूनियन दोनों को मजबूत करने का काम करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन संजीव श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह, सुनील शुक्ला, विजय देव, रणवीर कर्मकार, आनंद कुमार, पीवीआर मूर्ति, सुधाकर पांडे, विकास चंद्र महतो, कैसियस राव, विनोद प्रसाद, सुनील कुमार, शंकर बारिक, के के हादसा, राजेश कुजुर, रतन कुमार शर्मा, विजय कुमार, तरुण कुमार धर, एमपी थापा, सुदर्शन कांडिल, गुरजीत सिंह, अनिल कुमार सिंह, दीपक चौधरी,ए एस राव,गुरविंदर सिंह, रमेश चंद्र कुंडू, चंदन बेरा सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

### कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं: बालमुकुंद सहाय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमेशदपुर।** कार्यकर्ता किसी भी राजनीतिक दल का रीढ़ होता है। अतः कार्यकर्ता बूथ को मजबूत बनाने और सशक्त बनाने में अपनी महती भूमिका को निभाएं. ये बातें झारखंड भाजपा प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने घाटशिला में आयोजित पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यसमिति की बैठक को बतौर मुख्य अथिति सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, मेनका सरदार मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती ने किया तथा संचालन जिले के उपाध्यक्ष विजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर पुष्पांजलि कर और वंदे मातरम के गीत के साथ की। श्री सहाय ने सबसे पहले ग्रामीण जिला जमशेदपुर की संगठन की अद्यतन जानकारी ली और कार्यकताओं को बूथ जितने का तरीका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों से सम्पर्क बनायें। उनके सुख दुख में उनके साथ खड़े रहें। श्री सहाय ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में कार्यकताओं को जानकारी दी। 30 मई से लेकर 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान तय किये गये उसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो कार्यक्रम प्रदेश कार्यसमिति ने तय किया है उसे गंभीरता से लेना है और सफल बनाना है। श्री सहाय ने कहा कि देश आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनियां में अपना परचम लहराने का काम किया है। आज पूरी दुनियां भारत को गंभीरता के साथ सुनता है। नरेंद्र मोदी के कारण विदेशों में रहने वाले प्रवासियों का मस्तक ऊंचा हुआ है। नरेंद्र मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आज भारत विश्व के पांचवे आर्थिक शक्ति बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं और लाभार्थियों के बीच का सेतु का काम करते है। अतः पार्टी के कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नौ साल के कार्यकाल मे आदिवासी, दलित, किसान, महिला,युवाओं की हित मे लागू की गई योजनाओं की जानकारी अपने मोहल्ले,पंचायत,और मंडल में लोगों को दें तथा उसका लाभ उन तक पहुंचाने में मदद करें तभी लोगों का साथ आपको मिलेगा। सभा को सम्बोधित करते हुए घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने कहा कि आप पार्टी के सदस्य तो बन सकते है लेकिन मजबूत कार्यकर्ता तभी बन सकते है जब आप सरकारी योजनाओं की सही जानकारी रखते है और प्रखंड स्तर में सरकारी योजनाओं को ईमानदारीपूर्वक धरातल पर उतारने के लिए आप सजग रहते है। सामाजिक कार्यकर्ता का सबसे बड़ा फर्ज होता है। समाज के लोगों की मदद करना। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को संगठन में समय देना होगा,पार्टी की नीति सिद्धान्त,उपलब्धियों पर चर्चा परिचर्चा करनी चाहिए. जबतक आप इससे अवगत नही होंगे तब तक लोगों को इसके बारे में सही जानकारी नही दे सकते है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पोटका की पूर्व विधायक #मेनका सरदार ने कहा कि 2024 की लोक सभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। अतः अब सभी कार्यकताओं को कमर कस लेनी है. जब तक राज्य की 14 लोक सभा और दो तिहाई विधान सभा मे कमल नही खिलाते है तब तक हमें आराम नही करना है। कार्यसमिति की बैठक में सरोज महापात्र, कमल किशोर प्रसाद,जिला परिषद सदस्य सुभाष गोपाल, चंडी चरण साहू,कृष्ण कुमार,रामदेव हेमरोम,निर्मल मुर्मू,संजय कुमार,गोड चंद्र ,विजय पांडेय, विनोद सिंह, एम राव, चंचल दास, सुरेश महली, मनोज प्रताप सिंह, साकेत अग्रवाल, रंगलाल महातो,नौशाद आलम, निर्मल दुबे, कौशिक, कालटु, सहित जमशेदपुर ग्रामीण जिला के पदाधिकारी,जिला कार्यसमिति के सदस्य,मंडल अध्यक्ष, सहित अन्य शामिल हुये।

### थाना परिसर में नया भवन पांच माह से तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना में नया भवन दिसंबर 2022 से ही बनकर तैयार है, लेकिन अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो पाया। गुरुवार को थाना प्रभारी राजन सिंह से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा सरकारी संपत्ति है, कुछ भी बोलने से उन्होंने इनकार कर दिया। बताया जा रहा है दो करोड़ 47 लाख की लागत से बने नया थाना भवन नौ माह से बनकर तैयार है। भवन का रंग रोगन के साथ ठेकेदार ने इसे जिला प्रशासन को सुपुर्द भी कर दिया। लेकिन अब भी नया भवन को उद्घाटनकर्ता का इंतजार है। समय विलंब होने के कारण भवन का प्लास्टर झड़ना और रंग भी फीका पड़ने लगा है। जबकि थाना के बनाने के बाद ठेकेदार यहीं से एमजीएम थाना में भवन बनाने गए जहां भवन बनकर तैयार हो गया। जिसका उद्घाटन भी हो गया। लेकिन आदित्यपुर के निवासियों को अब भी नए थाना भवन का इंतजार है। वही ठेकेदार से पूछने पर कहा जनवरी में ही हैंडओवर कर दिया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## आरकेबीएस संस्थान में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरकेभीएस संस्थान, बीएड कॉलेज गढ़वा के सभागार में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था 'प्राकृतिक दृश्य, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा का नियम, महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्रीय एकता'। इस मौके पर महाविद्यालय के निर्देशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों में कला के विकास के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने का अवसर भी प्राप्त होता है। आज के दौर में पेंटिंग को कई लोग अपने कैरियर निर्माण के रूप में भी प्रयोग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के समय महाविद्यालय के निर्देशक के साथ प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडेय ने जल संरक्षण और सड़क सुरक्षा विषय पर लोगों को जागरूक किया और कहा कि प्रत्येक लोग अपने घर में जल का संरक्षण व पानी का संचय करेंगे। साथ ही सड़क सुरक्षा की तमाम नियमों का पालन करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक राजेंद्र चौबे, रितेश जयसवाल, आनंद मिश्रा, सतीश तिवारी, प्रवीण दुबे, रंजना कुमारी तथा महाविद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिका मौजूद थे। प्रतियोगिता में विवेक चौबे, मंगल कुमार रवि, पूजा कुमारी, प्रिया सोनी खुशबू, अभिषेक, सरवन कुमार, मिस्टर अली, चांदनी कुमारी, रिचा कुमारी, गुलशन प्रवीण, अजीत कुमार गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## मुखिया ने 15वें वित्त से बनने वाली नाली के कार्य का किया शिलान्यास



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी ने पासी टोला में 15वें वित्त से बनने वाली नाली का शिलान्यास किया एवं नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना कर नाली निर्माण का कार्य आरंभ कराया। मुखिया अनिता देवी ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि प्राप्त होने के बाद एक लाख सत्तर हजार रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। मौके पर वार्ड सदस्य दीपक पासी, विनय ठाकुर, लाला सिंह, नागिन सिंह, रमेश चंद्रवंशी, राकेश सिंह, उमेश उरांव, मुकेश ठाकुर, विजय विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## धुरकी प्रखंड कांग्रेस की बैठक में सभी पंचायतों के लिए चुने गये अध्यक्ष



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी में हाजी नईमूल हक डिग्री कॉलेज के सभागार में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रभारी ओमप्रकाश चौबे की उपस्थिति में संगठन की मजबूती के लिए बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने की। बैठक में मुख्य रूप से मंडल कमेटी पंचायत कमेटी को मजबूत करने पर चर्चा हुई और धुरकी प्रखंड के आठों पंचायत में पंचायत अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुने गए। रकशी पंचायत से कोमल सिंह, खुटिया से एकबाल अंसारी, खाला से कलीम अंसारी, धुरकी से फैयाज आलम, अंबा कोरिया से जगदीश सिंह, भंडार से अमबीका सिंह, गनियारी से सुरेश कुमार सिंह, टाटीदरी से दीपक कुमार सिंह को पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी पंचायत अध्यक्ष को दो दिन के अंदर 15 सदस्यीय टीम का गठन करने का निर्देश प्रखंड प्रभारी ओमप्रकाश चौबे ने दिया। बैठक में विमला देवी, अफरोस अंसारी, कोमल सिंह, कलीम अंसारी, मोहम्मद आलम, मीना देवी, मानदेव राम, अलीमुद्दीन अंसारी, गुलाम जिलानी, तौफीक अंसारी, सत्येंद्र कोरवा, जितेंद्र करवा, सुंदर राम, फैयाज आलम, अफरोस अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

**बैठक : भाजपा कार्यसमिति की बैठक में हुई आजीवन सहयोग निधि की शुरुआत, आदित्य साहू ने कहा**

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जैसे मूल मंत्र के साथ मोदी सरकार कर रही काम

**आजीवन सहयोग निधि को लेकर कार्यकर्ता हर वर्ग के लोगों से संपर्क करेंगे : ओम प्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में गढ़वा जिला कार्यसमिति की बैठक तेतरी चंद्रवंशी बीएड कॉलेज गढ़वा में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। कार्यक्रम के दौरान आजीवन सहयोग निधि की शुरुआत की गयी। बैठक में भाजपा नेत्री वीणा पाठक ने एक हजार रुपए पार्टी को सहयोग राशि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर हर घर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर घर जाएंगे। आजीवन सहयोग निधि को लेकर कार्यकर्ता हर वर्ग के लोगों से संपर्क करेंगे। साथ ही 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल कार्यसमिति बैठक आगामी 23 मई तक पूरा कर ली जाएगी।

मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के लिए काम करने वाली सरकार है। गढ़वा बाईपास का निर्माण मोदी सरकार करा रही है। इससे गढ़वा जिले सहित अन्य राज्यों के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास जैसे मूल मंत्र के साथ काम कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि आने वाले 2024 में लोकसभा एवं विधानसभा में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इसके लिए कार्यकर्ता तैयार हैं।

पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि मोदी सरकार देश के लिए वरदान साबित हुई है। मोदी सरकार में भारत ने पूरे विश्व पर दबदबा कायम कर लिया है। मोदी सरकार जनता की सरकार है। केंद्र सरकार की हर योजना जनहित से जुड़ी हुई है।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दूबे एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम को बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पाण्डेय एवं ओमप्रकाश तिवारी ने भी संबोधित किया।

मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जवाहर पासवान, मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पाण्डेय, रामचंद्र केशरी, गिरीनाथ सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, विकास स्वदेशी, संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, मुरली श्याम सोनी, उमेन्द्र यादव, ठाकुर प्रसाद महतो, स्वाती तिर्की, विजया लक्ष्मी, अनिता गुप्ता, अनिल पाण्डेय, विवेकानंद तिवारी, मंगलमूर्ति तिवारी, बृजेन्द्र पाठक, संजीत तिवारी, रामाशीष तिवारी, रितेश चौबे, राजेंद्र गुप्ता, गौतम तिवारी, मधुलता कुमारी, कन्हाई प्रसाद, रामलला दुबे, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, राजकुमार गुप्ता, बसंत प्रसाद, विकास पाण्डेय, विकास तिवारी, संजय कमलापुरी, मुरारी यादव, बजरंग प्रसाद, उदय कुशवाहा, मनोज जायसवाल, शोभा जायसवाल, प्रमोद चौबे, इंद्रमणि जायसवाल, रविन्द्र पासवान, पवन कुमार सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिला प्रशासन ने कई दुकानों और झोंपड़ी पर चलाया बुलडोजर

**प्रशासन ने कहा- अतिक्रमण किये दुकानदार खुद हटा लें अपनी दुकान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में मंत्री ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिया था कि शहर में प्रत्येक दिन सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क के किनारे जो भी दुकानदार अतिक्रमण कर सड़क को अवरूद्ध करने का काम कर रहे है। उनके खिलाफ अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का काम करें। मंत्री के निर्देश के बाद गुरूवार अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के निर्देश में शहर के विभिन्न जगहों पर अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

इसकी जानकारी देते हुए एसडीओ राज महेश्वरम ने बताया कि शहर में प्रत्येक दिन अतिक्रमण अभियान के तहत अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के मेन रोड़, रंका रोड़, दानरो नदी स्थित बाइपास रोड़ में अतिक्रणकारियों पर बुलडोजर चलाया गया है। शहर में प्रत्येक दिन सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाति है इसी को देखते हुए सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस भेज दिया गया था लेकिन उक्त लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रण हटाया जा रहा है। शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे जो भी दुकानदार अपने- अपने दुकान का सामान लगाएं हुए थे उसको जब्त कर लिया गया है।

इस मौके पर सीओ कुमार मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीटी मैनेजर ओमकार यादव सहित पुलिस के पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यवसायियों को किया जा रहा है प्रताड़ित : सत्येन्द्रनाथ


आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यवसायियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने में प्रशासन की ओर से दोहरी नीति अपनाई जा रही है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कही। उन्होंने अपने जारी बयान में कहा है कि वह सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाजरत हैं। वह स्वस्थ्य होकर जल्द ही क्षेत्र की जनता के बीच होंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यवसायियों का शोषण कर रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारी शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यवसायियों को प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस स्थान पर समाहरणालय भवन मौजूद है, वह भी अतिक्रमण के दायरा में आता हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अतिक्रमण से संबंधित चल रहे अभियान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर वह आम लोगों के साथ मिलकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे।

## धुरकी प्रखंड की सभी पंचायतों के मुखिया के पास आयी फर्जी चिट्ठी




**चिट्ठी में पंचायत अंतर्गत विद्यालयों में शिक्षक बहाली को दिया गया है निर्देशिका और फॉर्म**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया के पास स्पीड पोस्ट से एक लिफाफा आया है। जिसमें पंचायत अंतर्गत विद्यालयों में शिक्षक बहाली को लेकर निर्देशिका व फॉर्म दिया गया है। इसके अनुसार भारत के सभी गांव में शिक्षा के विकास के लिए नर्सरी टीचर, प्राइमरी टीचर, सहायक टीचर व कंप्यूटर टीचर की नियुक्ति किए जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत 12वीं से लेकर बीए बीएड उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। जिन्हें योग्यता के अनुसार 14000 से 16000 तक वेतन दिया जाएगा। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अनुसार सामान्य एवं अति पिछड़े आवेदकों को ?600, अजा एवं अजजा आवेदकों को ?450 शुल्क देना होगा। जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवेदन करना है। शिक्षक का चयन मेरीट व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मई बताई गई है। यह विज्ञापन डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन, एंप्लॉयमेंट सर्विसेज के द्वारा जारी किया गया है। भरा हुआ आवेदन पत्र काउंसलिंग सर्विस 19/92 भास्कर भवन, आरपीएफ के पीछे दिल्ली 110035 पर भेजने की सलाह दी गई है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने यह लिफाफा मिलने पर जिला के उपायुक्त शेखर जमुआर व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता तिर्की के कार्यालय को पत्र देकर फजीर्वाड़े की सूचना दी। दोनों कार्यालय से जानकारी दी गई कि शिक्षक बहाली से सम्बंधित कोई भी आवेदन पत्र शिक्षा विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है।

## रमकंडा प्रखंड झामुमो महिला मोर्चा कमेटी का किया गया विस्तार



**रंका (आजाद सिपाही)।** रमकंडा प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को मुख्य संयोजक रेखा चौबे के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इस महिला मोर्चा प्रखंड कमेटी में अध्यक्ष बसंती पन्ना, सचिव राधिका देवी, सह सचिव फूला कुंवर, कोषाध्यक्ष सुनीला लकड़ा, उपाध्यक्ष मीना देवी, मालती कुंवर, सुशीला देवी, प्रमिला देवी, विद्या देवी को सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकिशोर यादव, जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, मेराल प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष आराधना सिंह, चंदा देवी, पूर्व जिला पार्षद सदस्य गायत्री गुप्ता ने प्रखंड कमेटी के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष श्रवण प्रसाद कमलापुरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य इम्तियाज अहमद, रमकंडा मुखिया पति राम चंद्र पांडेय, बिराजपुर मुखिया पति शिव लखन लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य नसीम इमाम, पंचायत समिति पति उमाशंकर प्रसाद, जिला सचिव संजय प्रसाद, पंचायत समिति लालमोहन पासवान, समाजसेवी रोजिद मंसूरी ,समाज सेवी फिरोज मंसूरी ,रमाकांत चंद्रवंशी, उपेंद्र पासवान, अजय सिंह, बागेश्वर सिंह, मुन्ना राम, अली राजा एवं पंचायत के सभी पंचायत अध्यक्ष, सचिव एवं झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/02/2023-24 (2ND Call)

P.R. No.-297188 RURAL DEVELOPMENT (2023-24).D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– समेकित जनजाति विकास

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अड़की | खूँटी जिला के अड़की प्रखण्ड में उलिहातु पंचायत अन्तर्गत उलिहातु से गंताडीह तक पी०सी०सी० पथ निर्माण काय। | 65,69,700/– | 1,31,400/– | 10,000/– | 02 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–22.05.2023 के अपराहण 2.00 बजे तक।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–01.06.2023 के अपराह्ण 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समयः–02.06.2023 अपराह्ण 2.00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
4. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समयः–03.06.2023 अपराह्ण 3.00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.297727 Rural Development(23-24):D

**कार्यक्रम : एसपी ने अपराध गोष्ठी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ की लंबित कांडों की समीक्षा, कहा**

# चार वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन करें पदाधिकारी

**सभी एसडीपीओ को लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश दिए गए की सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में सघन अभियान चलाते हुए मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान विशेष रूप से शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले हाई स्पीड इत्यादि के मामलों में माननीय न्यायालय में प्रोस्कुयसन रिपोर्ट जमा करना सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रति दिन जगह बदल कर वाहन चेकिंग अभियान चलायेंगे। विगत माह घटित सभी महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए काण्डो में आवश्यक कारवाई करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से लूट एवम गृहभेदन के कांडों का उद्भेदन कर अभियुक्त की गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। हाल के महीनों में जेल से बाहर निकले अपराधकर्मियों, विशेष रूप से लूट, रंगदारी सहित अन्य संगठित अपराधो में संलिप्त रहे अपराधकर्मियों के वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन सुनिश्चित करेंगे। गतिविधि संदिग्ध पाये जाने पर संबंधित अपराधकर्मी के विरूद्ध निगरानी प्रस्ताव अथवा सीसीए के अंतर्गत प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी/ ज़िला खनन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर झारखंड मिनिरल प्रोफेशनल ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्ट एंड स्टोरेज रूल्स 2017 के अन्तर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात हेतु प्रस्ताव अविलंब समर्पित करें। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाएं एवं विशेष रूप से 04 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन लक्ष्य निर्धारित कर अगले 06 माह के अंदर सुनिश्चित कराएंगे। साइबर ठगी, महिला अत्याचार, अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत मामले प्रतिवेदित होने पर पीड़ित के पक्ष में अविलंब आवश्यक कानूनी करवायी करेंगे। माननीय न्यायालय से निर्गत वारंट/ कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पी.जी. पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसमे सभी पुलिस कर्मियों की समस्या को सुनकर उसके निदान का भरोसा दिया गया।

**Memo No 612/ R.O.(STY.) DATED 17-05-2023**

**POLICE WIRELESS HQR. JHARKHAND, RANCHI**

**Urgent Tender Notice (NIT)- 01/2023-24**

Sealed Tenders for F.Y. 2022-23 are invited from the local suppliers who are Income Tax/Goods and Services Tax Payee dealers /Suppliers/Authorized agents of the firms with GST registered in Jharkhand before the date of publication of this Tender for the supply of Stationary Items to Jharkhand Police Wireless Hqr. Ranchi to reach the undersigned on or before dtd 08.06.2023 at 11:00 AM Hrs. Sealed envelope should be super-scribed as

**"TENDER OF STATIONERY ITEMS" and TENDER NO.01/2023-24**

Tender Documents can be obtained from the undersigned office at Police Wireless Hqr. Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi on production of an application on own letter pad on or before dtd 07.06.2023 at 11:00 Am hrs. The last date of submission will be dtd 07.06.2023 at 16:00 hrs.

Tenderer should submit tender in Two envelops, in 1st envelopes (Technical bid) self attested photo copy of GST registration certificates in Jharkhand state, Two years IT return (FY.2021-22 & 2022-23), Aadhar , PAN and Earnest Money for Rs10,000/- (Rs. Ten thousand only) (In form of Bank Draft) in favour of S.P. (Technical Services and Communication) Jharkhand, Ranchi with and in 2nd Envelope (Financial bid) submitted items wise rate with GST separately.

No transportation cost will be paid by this office.

Tenderer should be hold minimum one shops/stock point in Ranchi Town.

Sealed Tender Envelope will be opened on 08.06.2023 at 16:00 hrs in the office of the undersigned at Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi in presence of the Tenderers /Representatives (if any) . Incomplete offers or without earnest money (In form of Bank Draft) will not be considered or entertained.

The undersigned reserves the right to reject any Tender fully or partially without assigning any reason.

Sd- Y S Ramesh
S. P (Commn. & Tech. Services)
Jharkhand, Ranchi

PR 297767 Home (23-24)_D

**सौगात :** 5 करोड़ की लागत से बननेवाली ग्रामीण जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास

# सिल्ली विधानसभा में हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए चल रही 350 करोड़ की योजना : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के नावाडीह गांव में पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ग्रामीण जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किया। बतातें चलें कि नावाडीह पंचायत के 1644 परिवार को पाइप लाइन की मदद से घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना में 37 बोरिंग किया जायेगा। वहीं, शिलान्यास समारोह के दौरान अपने संबोधन में विधायक सुदेस



जलापूर्ति निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास करते सिल्ली विधायक सुदेश महतो व अन्य।

महतो ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी के



लिए वृहद पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पूरे विधानसभा में हर घर तक पानी पहुंचाने के लिये 350 करोड़ रुपये की योजना चल रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को मजबूत और विकसित करने के लिये भी कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस मौके प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, पंचायत समिति सदस्य भानुमति देवी, ग्राम प्रधान उदय सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, जगन्नाथ मुखर्जी, हरीश मुंडा, संजीव लोहरा, म्युक भूषण महतो और मीरा महतो सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ राय में शुरू हुआ अखंड हरिनाम संकीर्तन



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** राहे में भव्य कलश यात्रा के साथ गुरुवार को नवरात्र हरिनाम संकीर्तन हुआ प्रारंभ। कोकरो नदी में पुरोहित की ओर से विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पवित्र जल को कलश में लेकर महिलाएं कलश यात्रा प्रारंभ किया। गांव भ्रमण के बाद हरि मंदिर में कलश के जल से जलाभिषेक किया गया। अखंड नवरात्र हरिनाम संकीर्तन को लेकर पूरा गांव भक्तिमय हो गया है। नौ दिनों तक पूरे गांव में मांस-मछली खरीद, बिक्री और सेवन बंद रहेगा। बंगाल, झारखंड और ओडिशआ के कीतर्न मंडली द्वारा हरीनाम संकीर्तन किया जाना है। समिति के मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, विनोद रक्षित, सुधीर दास गोस्वामी, सहित समिति के सभी सदस्यों की देख रेख में अनुष्ठान को संपन्न कराया जा रहा है।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे अर्जुन मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा शुक्रवार को खूंटी जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे। इस संबंध में जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि अर्जुन मुंडा पूर्वाह्न दस बजे खूंटी पहुंचेंगे और बैठक में भाग लेने के बाद कुछ समय खूंटी परिसदन में विश्राम करेंगे।

## पत्थरा ओपी पुलिस ने 10 हजार किलो जावा महुआ नष्ट किया

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पत्थरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को अवैध महुआ शराब भट्ठी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए छापामारी की गयी। इस दौरान पत्थरा ओपी क्षेत्र के बिहार सिमा से सट्टे एकौनी गांव के समीप सुराही बांध के जंगलों में अवैध रूप से चल रही महुआ चुलाई शराब भट्ठी से बड़ी मात्रा में जावा महुआ को नष्ट किया गया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी नितीश कुमार ने कहा कि छापामारी के दौरान अलग-अलग स्थानों से 10 हजार किलोग्राम जावा महुआ, शराब बनाने का उपकरण, प्लास्टिक का ड्राम जब्त कर स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया है। हालांकि भट्ठी संचालक जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। हमलोग मामला दर्ज कर संचालक का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

## डायन के अंधविश्वास ने फिर से ली एक निर्दोष महिला की जान, आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरकार और प्रशासन की ओर से लगातार डायन-बिसाही जैसा अंधविश्वास को खत्म करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बावजूद उसके अंधविश्वास थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी अंधविश्वास ने फिर एक निर्दोष वृद्ध महिला की जान ले ली। तामा मामला खूंटी थाना क्षेत्र के बारूडीह गांव में देखने को मिला। यहां 70 वर्षीय कैरी मुंडू की बुधवार को गांव में ही लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। इसकी सूचना मिलते ही खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए और शव को का पंचनामा कर अपने साथ ले गयी। साथ ही हत्या के नामजद आरोपित उक्त गांव के ही राजन मुंडू (30) को भी गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा डंडा भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में खूंटी थाने में आरोपित के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बताया कि मृतका पर उसे डायन होने का संदेह था। उसे आशंका थी कि कैरी मुंडू उसका कुछ अहित कर सकती है। इसी कारण उसने लाठियों से पीट कर उसकी हत्या कर दी। उधर, पुलिस ने खूंटी सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## मुरहू में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के मुरहू थाना अंतर्गत गनगिरा और ओस्केया गांव के सीमा पर एक खेत किनारे से गुरुवार को 55 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ।शव पर किसी चोट के निशान नहीं है। इससे मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर उसे सुरक्षित रख दिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। मुरहू थाने में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## अड़की में मेले का आयोजन, लोगों ने उठाया रंगारंग छऊ नृत्य का आनंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** प्रखंड के सरगेया पंचायत के कोटा गांव में बुधवार की रात एक दिवसीय सांस्कृतिक छऊ नृत्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल के उस्ताद कार्तिक सिंह मुंडा एवं उस्ताद मुरली सिंह सरदार द्वारा छऊ नृत्य कला पेश किया गया। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में सारगेया और बालालोंग पंचायत से काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए और मेले का आनंद उठाया। इस अवसर पर खुटी के जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता एवं अड़की संसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू ने छऊ अखाड़ा का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही अपने संबोधन में केंद्र सरकार की ओ्र से चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा अड़की मंडल अध्यक्ष मोती पातर, आशुतोष दत्ता, सत्यनारायण मुंडा, रंजीत महतो रामसिंह मुंडा, हेमंत मुंडा और कोकिल मुंडा आदि उपस्थित थे।

## प्राचीन धरोहरों व परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने का जरिया है सांस्कृतिक कार्यक्रम: नीलकंठ मुंडा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि छऊ नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी महान प्राचीन सभ्यता और धरोहरों को बचाने और समाज को एकसूत्र में बांधकर रखने का जरिया है। हमें हर हाल में अपनी संस्कृति को बचाना है। विधायक गुरुवार को मुरहू प्रखंड के चीचीगढ़ा गांव में मुंडारी सांस्कृतिक कार्यक्रम और छऊ नृत्य समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारी सामाजिक समरसता को बल मिलता है। हमारी प्राचीन संस्कृति सभ्यता को अच्छुण बनाए रखने के लिए इस



तरह के सांस्कृतिक आयोजन समय-समय पर अवश्य होना चाहिए। इसके लिए मैं आयोजक समिति का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। इससे पूर्व विधायक के कार्यक्रम स्थल में पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, मुरहू के मंडल अध्यक्ष राम बिहारी लाल, सुरेश अकेला, भुनेश्वर मांझी, गोवा पंचायत के मुखिया जगमोहन मुंडा, भुनेश्वर मांझी, सुरेश जायसवाल, सुखराम मुंडा महादेव मुंडा, जुरन मुंडा के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने मुंडारी सांस्कृतिक कार्यक्रम और छऊ नृत्य का भरपूर आनंद उठाया।

## खूंटी प्रखंड में बीएलबीसी की बैठक में हुई केसीसी और किसान योजनाओं की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रखंड में गुरुवार को बीडीओ की अध्यक्षता में बीएसबीसी की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न बैंकों की केसीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन और लाभुकों को स्वीकृत किये गये लोन की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गयी। सभी कृषक मित्रों को अपने क्षेत्र में किसानों को योजना के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर केसीसी योजना के तहत ऋण स्वीकृत करने की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। केसीसी योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन प्राप्त करने और स्वीकृत करने के कार्य को मिशन



मोड में करने के लिए पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर लोगों को इस संबंध में जागरूक करने और उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसमें एसएचजी-एनआरएलएम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सीडी रेशियो, केसीसी पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही इन योजनाओं में गति लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की भी चर्चा की गई।

## इनमोसा ने नये रोहिणी पीओ जेके सिंह का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** इनमोसा रोहिणी शाखा के सदस्यों ने रोहिणी परियोजना के नए पीओ जेके सिंह का इनमोसा सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया। इनमोसा सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया कि नए परियोजना पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व में परियोजना अपना मुकाम हासिल करेगा। इस मौके पर एरिया सचिव उमाकांत सिंह, सुधीर कुमार सिंह, आनंद पांडेय, नरेश प्रसाद, मोहन पांडेय, हीरालाल, मनीष कुमार, प्रदीप करमाली, राकेश कुमार, सुबोध कुमार और सी देउरी आदि शामिल थे।

## 2259 किलो डोडा लदा ट्रक जब्त

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड थाना क्षेत्र के कुबासाल बाजार के पास गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात बुंडू डीएसपी के नेतृत्व में 26वीं एसएसबीसी कंपनी बासुकोचा और तमाड़ पुलिस के संयुक्त छापामारी की। इस दौरान जोड़ा लदे एक ट्रक को पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें 150 बोरी में लगे लगभग 2259 किलो डोडा जब्त किया गया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

## वट सावित्री व्रत पूजन आज

**खलारी।** वट सावित्री व्रत पूजन इस वर्ष शुक्रवार को पूरे दिन भर मनाया जाएगा। पूजन प्रातः काल सूर्योदय के साथ ही प्रारंभ हो जाएगा। यह जानकारी श्री श्री जानकी रमण मंदिर के पुजारी सर्वानंद दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि पूजा में बरगद के वृक्ष की सात परिक्रमा की जाती है। व्रती महिलाओं को परिक्रमा के समय हाथों मे मिष्ठान्न लेकर पवित्र धागा को वृक्ष में लपेटना चाहिए।

यूपीएससी व जेपीएससी को लेकर आयोजित सेमिनार में बड़ी संख्या में शामिल हुए अभ्यर्थी

# लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी : विनय

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** यूपीएससी और जेपीएससी परीक्षा की तैयारी और इसमें सफल होने के लिए जरूरी है कि पहले लक्ष्य निर्धारित करें, उसके बाद उचित मार्गदर्शन में लगातार सही दिशा में परिश्रम करें। ऐसा करने से सफलता अवश्य मिलेगी। कई बार परिस्थितिवश भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, उस वक्त खुद का आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी है। उक्त बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कही। वे गुरुवार को खूंटी स्थित बिरसा कॉलेज सभागार में यूपीएससी और जेपीएससी को लेकर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेमिनार आपके सोच को सकारात्मक ही नहीं, बल्कि कामयाबी की राह को आसान बनाने में मददगार भी साबित होता




सेमिनार में शामिल अभ्यर्थी व अन्य।

है। इससे पूर्व सेमिनार की शुरूआत चाणक्य आइएएस एके-डमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जरमैन कुल्लू किडो ने की। इस दौरान जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि वक्त से लड़कर जो नसीब बदल दे, इंसान वही जो मेहनत से अपनी तकदीर बदल दे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक समय ऐसा भी था, जब ग्रामीण माता-पिता अपने होनहार बच्चों को सिविल सेवा के क्षेत्र में नहीं भेज पाते थे। उन्हें लगता था कि केवल बड़े शहरों और अमीर लोगों के बच्चे ही सिविल सेवा के क्षेत्र में सफल हो सकते हैं, लेकिन चाणक्य आइएएस एकेडमी, इस मिथक को तोड़ने में कामयाब रहा। बताया गया कि चाणक्य आइएएस एकेडमी से तैयारी कर अभ्यर्थी पिछले 30 वर्षों में पांच हजार से अधिक आइएएस, 200 से अधिक आइएफएस और 20 हजार से अधिक राज्य पीसीएस में सफलता प्राप्त कर राष्ट्र सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जरमैन कुल्लू किडो ने चाणक्य आइएएस एकेडमी की इस पहल की सराहना की। कहा कि झारखंड के अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर है कि देश की राजधानी दिल्ली जैसे महानगरों में जो सुविधाएं अभ्यर्थियों को यूपीएससी और जेपीएससी की तैयारी के लिए मुहैया कराई जाती है, वही तमाम सुविधाएं झारखंड में संचालित चाणक्य आइएएस एकेडमी की रांची, रामगढ़ और धनबाद में संचालित शाखाओं में भी मुहैया कराई जाती है। ऐसे में अभ्यर्थियों को यूपीएससी और जेपीएससी के लिए महानगरों में जाकर तैयारी करने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य आइएएस एकेडमी के इन संस्थानों से जुड़कर भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन अजय शाह ने भी यूपीएससी व जेपीएससी से संबंधित कई अहम पहलुओं से मौजूद अभ्यर्थियों को अवगत कराया। मंच संचालन एकेडमी की रांची शाखा के प्रबंधक सत्यम कश्यप और बिरसा कॉलेज की अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रो जया भारती कुजूर ने किया। इस मौके पर तरूण, स्मिता सिंह, कॉलेज के सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## अर्जुन साहू स्मारक नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची बाबू 11 और आजाद बस्ती की टीम

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बिरसा कॉलेज स्टेडियम में आयोजित अर्जुन साहू स्मारक नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार की रात बाबू 11 और आजाद बस्ती मुरहू के टीम के बीच खेला गया। इससे पूर्व बुधवार की रात केकेआर खूंटी और बाबू 11 के बीच पहला सेमीफाइनल मैच हुआ जिसमें बाबू 11 ने केकेआर गोपी को 59 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबू इलेवन की टीम ने निर्धारित ओवरों में 118 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी केकेआर की टीम मात्र 59 रनों में ही सिमट गई। 42 रनों का महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले विजेता टीम के सिद्धू को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। दूसरा सेमीफाइनल मैच खूंटी आजाद बस्ती और लोहरदगा के बीच खेला गया। इस मैच में खूंटी आजाद बस्ती की टीम ने लोहरदगा की टीम को 30 रनों से पराजित कर फाइनल में अपना




स्थान बनाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आजाद बस्ती खूंटी की टीम निर्धारित ओवरों में 61 रन ही बना सकी लेकिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा की टीम मात्र 31 रन पर ही सिमट गई। शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटकने वाले विजेता टीम के रोहित को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। यह जानकारी आयोजन समिति के अरकम हुसैन ने दी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 19 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# पत्नी ने ही की थी दउली से अपने पति की हत्या

**रातू पुलिस ने अनिरुद्ध उर्फ राजकुमार शाही की हत्या की गुत्थी सुलझायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के गोविंदनगर में हुई अनिरुद्ध उर्फ राजकुमार शाही की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। अनिरुद्ध की हत्यारिन उसकी पत्नी सोनी देवी ही निकली। हत्या में प्रयुक्त धारदार दउली भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। 16 मई को गोविंदनगर के रहने वाले अनिरुद्ध का शव उसके घर के अंदर फर्श में मिला था। मृतक के चेहरे व गले में धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। मामले को लेकर अनिरुद्ध के भाई त्रिसूल शाही ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुट गई थी। हत्या के संबंध में पुलिस ने पत्नी सोनी देवी से पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि वह सुबह सात बजे ही पति को सोता हुआ छोड़ खरीददारी करने रांची चली गयी थी।

दोपहर ढाई बजे घर पहुंची तो पति को फर्श पर खून से लथपथ पाया। परन्तु हत्या रात को ही की गयी थी, क्योंकि हत्या के बाद खून सूखकर काला हो गया था। जिससे पता चल रहा था कि हत्या रात को ही की गयी थी। सवाल का गोलमटोल जवाब मिलने पर पुलिस ने शक के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके उपरांत सोनी देवी ने पति की हत्या की बात कबूल की।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर की हत्या

आरोपी सोनी देवी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह पति की प्रताड़ना से तंग आ गयी थी। शादी के बाद से ही पति उसे प्रताड़ित व मारपीट करता था। रोज-रोज की लड़ाई से तंग आकर उसने मंगलवार की रात दउली से वार कर पति को मौत के घाट उतार दिया। इसके उपरांत दउली को छुपाने के बाद सुबह सात बजे अपने आठ वर्षीय नाबालिग बेटे को लेकर खरीदारी करने रांची चली गयी।

## लापुंग थाना में दिव्या कुमारी को मार कर घायल करने के आरोपी डॉ सुशांत कुमार पर प्राथमिकी दर्ज

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के दानेकेरा गांव में 11 मई को चलंत हंस वाहिनी चिकित्सा टीम के डॉक्टर सुशांत कुमार के द्वारा एक महिला के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार करने के आरोप में उनके ऊपर 17 मई को प्राथमिकी लापुंग थाना में दर्ज की गयी। डॉक्टर सुशांत कुमार ने 11 मई को दिव्या कुमारी को दवा देने से मना किया तो विवाद में डॉक्टर ने गुस्सा में आकर उक्त लड़की की नाक में हाथ से मार दिया, जिससे खून बहने लगा। यह आरोप घायल दिव्या कुमारी ने लगाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुग में उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज गया। जबकि चिकित्सक के द्वारा तत्काल 11 मई को ही दिव्या कुमारी और उसके भाई गंगा सागर और दूसरी बहन पर प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है। लापुंग थाना बार-बार चक्कर काटने व दो दिन लगातार दिव्या कुमारी की खबर अखबार में छपने के बाद लापुंग थाना प्रभारी ने लापुंग थाना में 17 मई को प्राथमिकी दर्ज की है।

## सिकिदिरी संवाददाता पहलु बेदिया की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दैनिक 'आजाद सिपाही' के सिकिदिरी संवाददाता पहलु बेदिया की माता आलोमनी देवी का निधन गुरुवार की सुबह हो गया। वे 75 वर्ष की थीं तथा कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। उनके निधन से ग्राम वासियों सहित सभी पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर पूर्व डिप्टी सीएम व सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, अनुराधा मुण्डा, वरिष्ठ भाजपा नेता व जेटीयु के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझु नायक, प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, बुधराम बेदिया, ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक, मुखिया भुनेश्वर बेदिया, मंजोति देवी, पंसस दिलीप बेदिया, जॉन तिग्गा, संतोष बेदिया, रामानंद बेदिया, बालेश्वर बेदिया आदि ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

## एक गूंगी लड़की के साथ बदसलूकी की कोशिश, विरोध करने पर भाई के ऊपर किया गया जानलेवा हमला

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेसल गांव की शरीफन खातुन पति जाकीर अंसारी ने गांव के ही सिद्दिक अंसारी के उपर उसकी गूंगी बेटी के साथ बदसलुकी करने की कोशिश किए जाने तथा इसका विरोध करने पर उसके पूत्र तबरेज अंसारी के उपर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिये जाने का आरोप लगाया है। घटना गुरुवार की सुबह की बतायी जा रही है। आरोप है कि पीड़िता को अकेला देखकर सिद्दिक अंसारी घर में घुस आया तथा बदतमीजी की कोशिश करने लगा। इसी दौरान पीड़िता का भाई तबरेज अंसारी घर पहुंचा तो देखा कि उसकी बहन के साथ गैरजरूरी हरकत करने की कोशिश की जा रही है। मौके पर तबरेज ने जब इसका विरोध किया तो उसके उपर लाठी से जानलेवा प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल तबरेज को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में शरीफन खातुन ने उसकी गूंगी बेटी के साथ बदसलुकी करने तथा पुत्र तबरेज अंसारी के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए सिद्दिक अंसारी सहित समीम अंसारी, हदीश अंसारी, अजहर अंसारी व मजहर अंसारी के विरूद्ध थाने में लिखित शिकायत की है। इधर आरोपियों का कहना है कि उन्हें झुठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है। आरोप पूरी तरह झुठा और बेबुनियाद है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, चार दुकानें जलीं

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के मां गढ़देवी मंदिर चौक के पास एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने से अगल-बगल की जितनी चार दुकानें थी। सभी दुकानों में आग लग गई। घटना में दुकानदार अनिल मालाकार, संजय चाय दुकान, मुकेश केसरी फोटो दुकान, अमीन खान पान दुकान यह चारों दुकान जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। जानकारी के अनुसार लोगो ने बताया की गढ़ देवी मंदिर चौक ट्रांसफार्मर में एकाएक आग लग गई। आग की लपट इतना तेज था की ट्रांसफार्मर में लगे दो ढक्कन ब्लास्ट कर गया। लास्ट की आवाज सुनते ही लोग इधर-उधर भागना शुरू कर दिए। जिसमे कई लोग चोटिल भी हुए है। घटना के बाद गढ़वा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

**कार्यक्रम :** विधायक सुदेश कुमार महतो ने कुच्चू-हुंडरू फॉल सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा

# पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण यह सड़क जोन्हा फॉल को सीधे हुंडरु फॉल से जोड़ेगी

**आरइओ विभाग की सड़क को पथ निर्माण विभाग में किया गया हस्तांतरित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**अनगड़ा।** प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के सिंगारी में गुरुवार को कुच्चू से हुंडरू फॉल तक बनने वाले करीब सात किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व डिप्टी सीएम व सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए एकजुटता आवश्यक है। विकास निरंतर चलनेवाली एक सतत प्रकिया है, अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प से क्षेत्र का विकास संभव है। विकास के लिए लगातार प्रयत्न व जुड़ाव आवश्यक है। सुदेश महतो ने कहा कि पर्यटन की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण यह सड़क जोन्हा फॉल को सीधे हुंडरुफॉल से जोड़ेगी, जिससे लोगों को 20 किमी दूरी कम हो जायेगा साथ ही क्षेत्र के एक दर्जन गांव आपस में सुगमता से जुड़ेंगे। कहा कि पर्यटन के विकास से क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी निगरानी में उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण कराने का आह्वान किया। कहा कि बहुत जल्द स्वणरेखा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया जायेगा। मौके पर बताया गया कि यह सड़क जोन्हा- पुरबडीह मार्ग को अनगड़ा- हुंडरुफॉल सड़क से जोड़ेगी, सड़क की लंबाई 6.5 किमी तथा प्राक्कलन 16 करोड़ रुपये है। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि पहले यह सड़क आरइओ विभाग से बनी थी। परंतु पर्यटन की दृष्टिकोण से अब इस सड़क को पथ निर्माण विभाग को कर्न्वट करा दिया गया है, जिससे सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो सके। उन्होंने कार्य के संवेदक क्लासिक कॉल कन्सट्रक्शन कंपनी को निर्धारित समय पर गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

मौके पर ग्रामीण महेश बेदिया ने कहा कि सुदेश महतो के चलते आज हम विकास ही नहीं नये युग में आए हैं। जहां हर तरफ सड़क, बिजली, पानी आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो पायी है। और यह सिर्फ और सिर्फ सुदेश महतो के चलते संभव हुआ है। आजसू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष घसनी देवी ने कहा कि सुदेश महतो नेता के रूप में नहीं बल्कि एक बेटा बनकर लोगों की सेवा में जुटे हैं। हर दिन क्षेत्र में विकास की एक नई लकीर खींच रहे हैं। कहा कि आज से ही मिशन 2024 की तैयारियों में लगकर संगठन को मजबूती देना है तथा सुदेश महतो को मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करना है। मौके पर जिप सदस्य राजेन्द्र शही मुण्डा, संजय सिद्धार्थ, विरेन्द्र सिंह भोगता, मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस शीतल देवी, दिलीप बेदिया, जैलेन्द्र कुमार, बालेश्वर बेदिया, सुद्धू बेदिया, शंकर बेदिया, अमर सिंह मुण्डा, श्यामसुंदर बेदिया, विक्रम ठाकुर, छटुलाल बेदिया, संजय महतो, दीनदयाल बेदिया, भोलानाथ बेदिया, फागु रजवार, सीताराम रजवार, सहदेव बेदिया, सुरेन्द्र लोहरा, मधुसूदन बेदिया, जगमोहन बेदिया, कोशिला देवी, रीना देवी, महेन्द्र बेदिया, सीताराम बेदिया, पालित देवी, रबीना कुमारी सहित अन्य चुल्हा प्रमुख मौजूद थे।

## आदिवासी लोहरा समाज ने नगड़ी के साहेर डमटोली गांव में किया सरना झंडा गड़ी कार्यक्रम

**विधि-विधान से गांव के पहान सूरज मुंडा ने सरना झंडागड़ी कार्यक्रम संपन्न कराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** आदिवासी लोहरा समाज के द्वारा नगड़ी के साहेर डमटोली गांव में सरना झंडा गड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर लोहरा समाज की महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सरना स्थल पहुंचे और ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक तरीके से सरना माता की पूजा-अर्चना की। फिर विधि विधान से गांव के पहान सूरज मुंडा ने सरना झंडागड़ी कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी लोहरा समाज की प्रखंड महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सीमा लोहरा और नगड़ी 21 पड़हा अध्यक्ष सुनील कच्छप ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजी पडहा सरना प्रार्थना सभा की राष्ट्रीय प्रचारिका रेणु तिर्की उपस्थित थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोहरा जाति झारखंड राज्य के 32 अनुसूचित जनजाति में से एक है। आज लोहरा जाति के लोगों के अशिक्षित होने के कारण उनकी जमीन को लूटने के लिए आदिवासी लोहरा को गैर आदिवासी पिछड़ी जाति में कर दिया गया था। आदिवासी लोहरा समाज अब एकजुट होकर किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगा। मौके पर साहेर पंचायत के मुखिया परदेशिया उरांव, अनिल उरांव, जितेन्द्र खलखो, संध्या उराईन, सुखमनी उराईन, गणेश लोहरा सहित बड़ी संख्या लोहरा और आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

## झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ रांची शाखा का चुनाव सह जिला अधिवेशन संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** वन भवन डोरंडा में गुरुवार को झारखण्ड राज्य अवर वन सेवा संघ के रांची जिला शाखा का चुनाव सह जिला अधिवेशन प्रवीण कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएमओपीएस/झारओटीइएफ के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह थे। अधिवेशन में झारखण्ड राज्य अवर वन सेवा संघ के राज्याध्यक्ष शिवनारायण महतो, महामंत्री मनोरंजन कुमार, सम्मानित अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद, संरक्षक पतरस नाग, झारखण्ड राज्य वन अराजपत्रित कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उमेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अरविंद तिवारी, जिला मंत्री हेमंत कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार महतो, जिलामंत्री मो शकील अहमद, कोषाध्यक्ष भुपेन्द्र प्रसाद सहित अन्य पदों पर पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। चुनाव सह अधिवेशन में नवनियुक्त संघ के पदाधिकारियों नें विभिन्न लंबित मुद्धों और मांगों पर विस्तृत चर्चा की तथा यथाशीघ्र इसके निराकरण की मांग सरकार व विभाग से किया गया। इस चुनाव सह अधिवेशन में रांची जिला के सभी वनरक्षी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अमेरिका से आयी टीम के सदस्यों ने नगड़ी गांव में सोलर लिफ्ट एरिगेशन का अवलोकन किया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगड़ी गांव में अमेरिका से आयी टीम के सदस्य ने सोलर लिफ्ट एरिगेशन का अवलोकन किया। एचडीएफसी प्रोजेक्ट टीआरईएफ संस्था की ओर से अमेरिका से आयी टीम ने प्रखंड के नगड़ी टोली में सोलर लिफ्ट एरिगेशन का निरीक्षण किया। जहां अमेरिका से आयी मिस निन्डी, मिस मोनिका, रांची से अभिषेक, कोर्डिनेटर सचिन ने नगड़ी में लगे सोलर से संचालित लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम पर चर्चा करते हुए सीएलएफ में समूह की दीदियों को क्या क्या फायदा है उनसे जानकारियां ली। जहां समूह की दीदियों ने बताया कि सिंचाई के लिए किसी प्रकार का बिल नहीं देना पड़ता है। सोलर से जान माल का खतरा नहीं है। इसे आसानी से चलाया जा सकता है। इसके पूर्व अतिथियों का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर टीआरआईएफ के रायमनी टोपनो, चंदन कुमार, मुकेश कुमार, किसवा धान, बुधनी धान, प्रभामुनि कुजूर, सुमरी उरांव आदि मौजूद थे।

### डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में गुरुवार को तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का उद्घाटन स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने किया। समर कैंप के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल मचाया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप के पहले दिन बच्चों के बीच बॉलीबॉल, खोखो, बैलून रेस, हिट द विकेट, मैथ रनिंग, होल्ड बलून रेस, चम्मच रेस, बिस्किट रेस सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि स्कूल में प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है। स्कूल में इस तरह के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारा जाता है। बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ कलात्मक एवं क्रियात्मक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और यह उनके लिए लाभप्रद होती है। उन्होंने बताया कि समर कैंप के अगले दो दिनों में खेल, पेंटिंग, डांस, क्वीज, निबंध लेखन इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन हाउस वाइज किया गया है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक येलो हाऊस 50 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं 45 अंकों के साथ रेड हाउस दूसरे स्थान पर रहा और 40 अंकों के साथ ग्रीन हाउस तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक श्रवण कुमार, रवि सिंह, नितेश कुमार, हेमन्त कुमार, आरती कुमारी, प्रिस्का खेस, प्रियंका सिंह, सोमा सरकार, सीमा खेस, कौशिक गोस्वामी, विजय महतो, गुलशन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### पूजा की तैयारी को लेकर मंडा पूजा समिति ने की तालाब की सफाई



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी मंडा पूजा समिति के बैनर तले नगड़ी मंडा पूजा की तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। समिति के द्वारा राधाकृष्ण मंदिर मंडा टांड़ और नगड़ी के नया तालाब की साफ-सफाई की गई है। इधर मंडा पूजा में शामिल स्थानीय दर्जनों भोक्ताओं ने अर्धनारीश्वर का रूप धारण कर परंपरा के अनुसार मंडा भोक्ता नृत्य का भगवान शिवामनी महेश की जयकारा किये। मंडा पूजा में शामिल स्थानीय दर्जनों भोक्ताओं ने मंडा टांड़ और देवरी पंचायत के कुड़लाटोली में शिव बजरंग बली मंदिर के समीप मंडा भोक्ता नृत्य किया।

**कार्यक्रम :** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# भारतीय संस्कृति में कोई ऊंच-नीच का भेद नहीं है : केएन पांडेय

**जिला पब्लिक स्कूल समन्वयक समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि इसका बच्चों पर अच्छा प्रभाव होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022-23 में शामिल विद्यार्थियों के लिये प्रमाण पत्र सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय, विशिष्ट अतिथि अलखनाथ पांडेय, भाजपा नेता शिवधारी राम, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, संस्कार भारती के नीरज श्रीधर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी, जिला समन्वयक विनोद पाठक आदि ने संयुक्त रूप से देवमंच पर दीप जलाकर किया। समारोह की शुरुआत शिक्षिका अल्पना सोनी के गुरु मेरी पूजा... गुरु वंदना से की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने का यह अनूठा प्रयास है। भारतीय संस्कृति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में सभी लोगों के विषय में समदर्शी दृष्टिकोण रखा गया है। सभी वर्ग के लोगों को समान रूप से दर्जा दिया गया है। इसके लिये उन्होंने संत रविदास व कबीर आदि को मिले सम्मान का उदाहरण दिया। लेकिन बीच में आयी कुप्रथाओं एवं जाति-पाति में विभाजन ने समाज को कमजोर करने का काम किया। जाति-पांति में बांटना एक साजिश के तहत किया गया है। इसे लोगों के बीच सही रूप से रखने की जरूरत है, तभी देश व समाज मजबूत बनेगा। जिला पब्लिक स्कूल समन्वयक समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि इसका बच्चों पर अच्छा प्रभाव होगा। आज बच्चों को प्राचीन संस्कृति से अवगत कराने एवं संस्कार देने की ज्यादा जरूरत है। इसी तरह के प्रयासों से देश को फिर से विश्वगुरु बनाया जा सकता है। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, शिवधारी राम, विनोद पाठक आदि ने भी विचार व्यक्त किये। समारोह का संचालन रंजीत सोनी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ आलोक कुमार दूबे ने किया।

### वर्ष 2023 में 10 हजार बच्चे परीक्षा में होंगे शामिल

इस अवसर पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी ने कहा कि इस परीक्षा में पिछले साल पूरे देश में 50 लाख से उपर विद्यार्थी शामिल हुये थे। गढ़वा जिले में वर्ष 2022 में जिले के 36 विद्यालयों से कुल 4000 बच्चे परीक्षा में शामिल हुये थे। परीक्षा में जिस प्रकार से विद्यालय के शिक्षक व बच्चों के अभिभावकों ने उत्साह दिखाया है, उसको देखते हुये इस वर्ष इस लक्ष्य को बढ़ाकर 10 हजार किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिये सभी विद्यालयों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**जिन्हें पुरस्कृत किया गया :**

डीएवी विद्यालय गढ़वा की अंकिता द्विवेदी को प्रथम, जीएम स्कूल चिनिया की खुशबू को द्वितिय व ब्राइट फ्यूचर स्कूल की सृष्टि कुमारी को जिलास्तर पर तृतीय पुरस्कार दिया गया. इसके अलावे गढ़वा प्रखंड में उत्क्रमित उवि ओबरा के आरसी फातमा को प्रथम, शांति निवास के आयुष कुमार पांडेय को द्वितीय व आके पब्लिक स्कूल के विवेकानंद गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इसी तरह से कस्तूरबा विद्यालय रमना की मांति कुमारी व गूंजा कुमारी, एसएस स्कूल विकताम की अर्चना कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय, संत पॉल रेहला के डिंपल भारती, ज्ञान भारती बेलचंपा की इसरत परवीण व अनन्या सिंह को पुरस्कृत किया गया. इसके अलावे विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया.

मौके पर अनिरूद्ध प्रसाद सोनी, बनारसी पांडेय, धनंजय तिवारी, राजीव चौधरी, रीना चंद्रवंशी, जूही दूबे, अशोक विश्वकर्मा, संतन मिश्रा, अखिलेश कुशवाहा, शोभा पाठक, ममता तिवारी, अनिता देवी, मीना देवी, नीलम शर्मा, शिवानी दूबे, कांति दूबे आदि उपस्थित थे।

## आरोपितों के पास से दो देसी बंदूक, दो कारतूस, 11 मोबाइल फोन, तीन वर्दी और टॉर्च बरामद

# पुलिस की वर्दी में लूटपाट, चार गिरफ्तार

### पकड़े गये आरोपित में एक पर हत्या का भी आरोप, अन्य सभी का आपराधिक इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिपराटाड़ थाना के पूर्व सब इंस्पेक्टर के नाम पर पुलिस की वर्दी में लूटपाट करनेवाले गिरोह का पर्दाफांस करते हुए पलामू पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दो बंदूक, दो कारतूस और मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद हुए हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने दी। वे गुरुवार को मेदिनीनगर एसपी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 10 मई को पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के केलहवा बराज के पास लूटपाट हुई थी। भुक्तभोगी ने



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते एसपी, एसडीपीओ व अन्य।

इसकी सूचना तुरंत पुलिस को नहीं दी थी। देर से सूचना के बाद भी पुलिस टीम बना कर छापामारी की गयी। अमानत नदी किनारे छह अपराधी डकैती की योजना बनाते घेरे गये। छापामारी के क्रम में दो अपराधी मौके से भागने में सफल रहे, जबकि चार अपराधी पकड़े गये। उनकी पहचान शमशाद अंसारी, अखिलेश भुइयां उर्फ लड्डू, मुख्तार अंसारी और नवीन उर्फ मित्ररंजन सिंह के रूप में की गयी है। शमशाद और अखिलेश जोलहाबिगहा, मुतार बलमुआ और नवीन ड्डुइयांकुरहा का रहनेवाला है, जो पांकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गिरफ्तार अपराधियों में शमशाद अंसारी पूर्व में हत्याकांड का आरोपित रहा है। जबकि अपराधी अखिलेश भुइयां आठ महीने पहले चोरी के कई कांडों में जेल जा चुका है। एसपी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से सूचना आ रही थी कि पांकी और पिपराटाड़ के सुदूर ग्रामीण जंगली रास्तों में छिनतई की घटनाएं हो रही है। करीब एक सप्ताह पहले केलहवा डैम पर लूटपाट की घटना हुई थी। इस सिलसिले में मामला दर्ज है। अपराधी पुलिस की वर्दी चितकबरा ड्रेस पहन कर आने-जाने वाले वाहन सवारों को रोकते थे और थाना का स्टॉफ बता कर जांच के बहाने उनकी संपत्ति लूट लेते थे। सुबह थाने पर आकर सामान ले जाने की बात कहते थे।

एसपी ने बताया कि बदमाशों के पास से 12 बोर की दो देशी पिस्तौल, 12 बोर की दो गोलियां, 11 मोबाइल फोन, 3 चितकबरा वर्दी, एक पांच सेल का टॉर्च, एक चिलम भी बरामद किये गए हैं। वहीं, गिरफ्तारी अभियान में पिपराटाड़ के थाना प्रभारी हीरालाल साह, पुअनि नितिन कुमार पोद्दार और जवान शामिल थे। वहीं, प्रेस वार्ता में आइपीएस सह मेदिनीनगर के एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक टूटी और पांकी के इंस्पेक्टर अरुण कुमार महता आदि मौजूद थे।

## पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके से और भी छात्र प्रेरणा लेकर ढेरों मेडल जीतें : अविनाश देव




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नेपाल के काठमांडू में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के कजरी शाखा के कराटेकार सिद्धेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होकर नेपाल के सिहान सुरेंद्र श्रेष्ठ नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से ब्लैक बेल्ट एवं प्रशस्ती पत्र प्राप्त किया। विदित हो कि सीधेश कुमार मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में लंबे समय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। साथ ही नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भी इनके ही नेतृत्व में शामिल हुआ। छात्र की इस सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने छात्र एवं प्रशिक्षक को बधाई देते हुए कहा कि पलामू और हमारे विद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। पहली बार हमारे विद्यालय का छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्लैक बेल्ट हासिल किया एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। हम सभी उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में पलामू जैसे सुदूरवर्ती पिछड़े इलाके से और भी छात्र प्रेरणा लेकर ढेरों मेडल अपने नाम करें। उन्होंने कहा कि कराटेकार सीधेश कुमार को बहुत जल्द विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## विद्युत विभाग ने हुसैनाबाद क्षेत्र में की छापामारी, चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने गुरुवार को विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान चार उपभोक्ताओं को बिजली का अवैध उपयोग करते पकड़ा। वैध कनेक्शन नहीं रहने व बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के बावजूद बिजली का उपयोग करने वाले चारों लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही चारों पर 24 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। उनके नाम नरेश यादव, अवधेश राम, रीना कुंअर (सभी राम बिगहा निवासी) और गमहरिया के नसीम खान है। बिजली विभाग के अधिकारियों की मानें तो अवधेश राम पर 46,900 और नसीम खान पर 60,738 रुपये का बिजली का बिल बकाया है। इसकी जानकारी जपला अवर विद्युत प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार ने दी। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार के अलावा मानव दिवसकर्मी उबैद अहमद, संतोष कुमार सिंह, बबन कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापामारी जारी रहेगी। कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को समय पर बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास बिजली बिल का बकाया है, वह वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाए का भुगतान कर सकते हैं।

## जपला दातानगर मैदान में 21 को होगा कव्वाली का मुकाबला : एजाज हुसैन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर स्थित दाता नगर मैदान में 21 मई को इस वर्ष भी कव्वाली का मुकाबला कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आयोजनकर्ता हैदरनगर के बलडीहरी गांव निवासी व मुंबई के व्यवसायी इब्राहिम सेठ ने बताया कि कव्वाली के एक दिन पूर्व यानी 20 मई की शाम दाता पीर बक्श रहमैतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की जायेगी। दूसरी रात सलाना उर्स के मौके पर मशहूर टीवी कलाकार कव्वाल शाहरुख साबरी व कव्वाला रीना प्रवीन के बीच होगा। इस कार्यक्रम में आने की दोनों कलाकारों से सहमति मिल गयी है। वहीं, संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी, संयोजक सैयद शम्मू हुसैन के अलावा मुमताज खान उर्फ बड़ा बाबू, एसएम अकरम, डॉ एजाज आलम, अली असगर, मुस्लिम खान, इजहार अंसारी, इसरार खान, धीनू कुमार आदि तैयारियों में जुटे हैं।

## पेंशनरों की हर सुविधा का रखा जायेगा खयाल: रामचंद्र चंद्रवंशी

**विश्रामपुर पेंशनर समाज ने समारोह पूर्वक मनाया छठा स्थापन दिवस, क्षेत्र में पेंशनर भवन बनाने की उठी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड पेंशनर समाज ने गुरुवार को छठा स्थापना दिवस मनाया। नप मुख्यालय के सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष राम लगन राम व संचालन राम नारायण राम ने किया। जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान पेंशनर समाज ने वयोवृद्ध पेंशनधारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्म्मनित किया। समाज के लोगों ने विधायक से पेंशनर भवन बनवाने की मांग की। इस पर विधायक ने पेंशनर समाज को आश्वस्त किया कि विधायक मद


कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व अन्य।

से विश्रामपुर में पेंशनर भवन जरूर बनवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। समारोह में झारखंड सरकार से विश्रामपुर व पांडु में भी पेंसन अदालत लगाने की मांग की गयी, ताकि पेंशनरों की मांग को सुलभता के साथ उठाया जा सके। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सह संयोजक रवींद्रनाथ उपाध्याय, जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष झुबल राम, उपाध्यक्ष जंगाली महतो, सचिव कुलदीप सिंह, शिवशंकर राम, भागेश्वर राम, चतर्गुन राम, कृष्ण कुमार पाठक, पारसनाथ पांडेय, रामध्यान राम, हरेराम सिंह, राधिका कुंवर, बृजनंदन राम, शंभु चंद्रवंशी, रामअवतार राम, रामाधार राम, अमर देवी, मानमती देवी, राधिका देवी, नरेश चौधरी और नागेंद्रनाथ शुक्ला आदि मौजूद थे।

## विजेता छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र-पुरस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित बेलचाम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में विगत मंगलवार को रिलायंस ट्रेंड्स द्वारा ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया था। जिसमें दो ग्रुप में विभाजित होकर स्कूली बच्चे शामिल हुए थे। जूनियर ग्रूप में कक्षा एक से पांच, जबकि सीनियर ग्रुप में कक्षा छह से दशम तक के बच्चे शामिल थे। जिसका परिणाम बुधवार को प्रार्थना सभा में घोषित किया गया। जूनियर ग्रुप में अंश प्रथम, अनन्या द्वितीय व आरव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर ग्रुप मे दीपिका प्रथम, परी द्वितीय और आयुषी तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में ही प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबूल, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश मिश्रा, रिलायंस ट्रेंड्स के स्टोर मैनेजर संजीव कुमार मिश्रा, डीएम बौद्धनाथ यादव, अकाउंटेंट रत्नेश कुमार, विकास चौबे, अजित तिवारी, शैलेश चौबे, सुरेंद्र कुमार, नंदकिशोर, आभा चौबे, चाचंला, प्रतिमा, प्रतिभा, मधु और पियूष आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर पुलिस ने लंबे समय से फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इस्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर।** थाना के कांड संख्या 65/2017 के फरार अप्रथामिक अभियुक्त दीपक रजवार के घर पर न्यायालय के आदेशानुसार थाना प्रभारी शशि रंजन ने गुरुवार को इस्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने बताया कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौवाचट्टान गांव निवासी स्व. तपेश्वर रजवार के पुत्र दीपक रजवार पर विश्रामपुर थाना में विभिन्न धाराओं के तरह 2017 में मामला दर्ज है। दीपक रजवार लंबे समय से फरार चल रहा है। जिस कारण न्यायालय की ओर से निर्गत इस्तेहार को दीपक रजवार के घर तामिला करते हुए चिपकाया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि इस्तेहार के मध्यम से उसे 16 जून तक आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। अगर उसने निर्धारित तिथि तक आत्मसमर्पण नहीं किया तो न्यायालय से आदेश मिलने के बाद कुर्की-जब्ती की कार्रवाई होगी।

## सभी कब्रिस्तानों तक होगी सड़क और अन्य व्यवस्था : कमलेश सिंह

**विधायक ने कब्रिस्तान की घेराबंदी व विवाह भवन का किया ऑनलाइन शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को चौकड़ी, भीखा बिगहा कब्रिस्तान की घेराबंदी व कुकही में विवाह भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से दूर विकास की राजनीति करती है। कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। इंसानियत के रास्ते पर चलकर ही सभी का प्यार और सम्मान पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि


शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल विधायक प्रतिनिधि व अन्य।

मंदिर और मस्जिद दोनों में ईश्वर का वास होता है। उनके लिए दोनों एक समान है। सभी के लिए सड़क, बिजली, अस्पताल, शिक्षा की समुचित व्यवस्था की है। उन्होंने आम लोगों को जात पात की राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति का साथ देने का आह्वान किया। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि उनका परिवार शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। विधायक कमलेश सिंह सभी को एक समान सम्मान करते हैं। उन्होंने विकास की राजनीति को अपनाने की अपील की। कहा कि इस क्षेत्र की जनता के उत्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराने में उनका पूरा परिवार जुटा है। यह देखने और महसूस करने की चीज है। इस मौके पर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, शमीम खान, सईद अहमद, नूरुद्दीन खान, राजू खान, विवेक कुमार सिंह, अब्दुल हई, बशीर अंसारी, सोनू अंसारी, तस्लीमुद्दीन आदि मौजूद थे।

## आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई और लंबित कार्यों का निष्पादन करें: एसपी



**एसपी कार्यालय में हुआ अपराध गोष्ठी का आयोजन**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को अपराध गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें अप्रैल महीने में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई। एसपी ने थानावार वारंट, कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा की। अप्रैल में हत्या, लूट, बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में क्या-क्या प्रयास किए गए, उसकी भी समीक्षा की। उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिकोण से मनातू, नावा बाजार, छतरपुर, नौडीहा एवं हरिहरगंज को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिसमें विशेष सफलता नहीं मिलने पर एसपी ने असंतोष भी व्यक्त किया। हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है, उसको लेकर भी संबंधित थाना प्रभारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिया गया। सभी अंचल के पुलिस निरीक्षकों को यूडी कांड के निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने और वैसे कांड जो काफी पुराने हैं, उसकी समीक्षा करने का निर्देश भी दिया गया। जिन अनुसंधानकर्ताओं द्वारा कांड के अनुसंधान में रुचि नहीं ली जा रही है, उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित करने का कड़ा निर्देश दिया गया। जिन कांडों में अभियुक्त दूर के राज्यों में छिपे हुए हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक से अनुमति लेकर संबंधित राज्य जाकर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिनके कार्य में लापरवाही पाई गई उन्हें निंदन की सजा का आदेश दिया गया। साथी ही डॉ अनिल श्रीवास्तव के सहयोग से सभी थाना प्रभारी को तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान एसपी ने एक परंपरा की शुरूआत की जिसके तहत पूरे माह में जिस पदाधिकारी ने सबसे अच्छा काम किया है उसे महीने का सर्वोत्तम पदाधिकारी (ऑफिसर ऑफ द मंथ) के रूप में पुरस्कृत किया गया। ऑफिसर ऑफ द मंथ के रूप में इस बार अप्रैल 2023 के लिए थाना प्रभारी पिपराटांड़ हीरालाल शाह को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर ऋषभ गर्ग, अजय कुमार, पूज्य प्रकाश आदि अधिकारी मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 27 मई को रांची के बरियातु गर्ल्स हाइस्कूल स्थित एस्टोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। चैपीयनशिप 12 से 22 जून तक ओडिशा के राउरकेला में आयोजित होगा।

## 10 जून को खेला जायेगा खिताबी मुकाबला, इंटर छठी और सिटी दूसरी बार फाइनल में पहुंची

# मैनचेस्टर सिटी बनाम इंटर मिलान के बीच होगा यूइएफए चैंपियंस लीग का फाइनल

एजेंसी

**इंग्लैंड।** यूइएफए चैंपियंस लीग का फाइनल मुकाबला 10 जून को इस्तांबुल में इंटर मिलान और मैनचेस्टर सिटी के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने डिफेंडिंग चैंपियन रियल मैड्रिड और इंटर मिलान ने अउ मिलान को हराकर लीग के फाइनल में प्रवेश किया। इंटर छठी बार, जबकि सिटी दूसरी बार लीग के फाइनल में पहुंची है। चैंपियंस लीग का सेमीफाइनल मुकाबला दो लेग में खेला जाता है। दोनों लेग में जो टीम ज्यादा गोल करती है, वो फाइनल में पहुंच जाती है।

### सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने रियल मैड्रिड को हराया

इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार देर रात डिफेंडिंग चैंपियन रियल मैड्रिड को हरा दिया। सिटी ने मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 4-0 से हराया। इससे पहले दोनों टीमों के बीच पहला लेग 1-1 से ड्रॉ रहा था। इस तरह सिटी ने सेमीफाइनल को कुल 5-1 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, इटली के फुटबॉल क्लब इंटर मिलान ने विगत 16 मई की देर रात अपने ही देश के क्लब अउ मिलान को हराया। इंटर ने अउ मिलान को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 1-0 से हराया। इससे पहले उसने पहला लेग 2-0 से अपने नाम किया था। इस तरह इंटर ने सेमीफाइनल को कुल 3-0 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। बतातें चलें कि इंटर मिलान ने तीन बार लीग की ट्रॉफी जीती है। आखिरी बार 2010 में वह खिताब जीतने में कामयाब रहे थे। इंटर मिलान की टीम अब तक तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। उसने 1964, 1965 और 2010 में खिताब अपने नाम किया था। वहीं, 1967 और 1972 टीम उपविजेता रही थी।

## 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 27 मई को रांची में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 27 मई को रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाइस्कूल में किया जायेगा। चैंपियनशिप 12 से 22 जून 2023 तक ओड़िशा के राउरकेला में आयोजित होगा। चयन ट्रायल में झारखंड का कोई भी पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकता है, जिसकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2004 और उसके बाद की हो। ट्रायल में भाग लेनेवाले खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम और ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व



से निबंधन नहीं है, वह हॉकी इंडिया द्वारा जारी किये गये हैं। साथ ही फॉर्मेट में डॉक्टर द्वारा उम्र पात्रता प्रमाण पत्र और विद्यालय में वर्तमान में पढ़ाई कर रहे हैं, उस विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत बोनोफाइड प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। यह जानकारी गुरुवार को हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर ने दी।

## कड़ा संदेश : धनबाद कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी बैठक और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# कांग्रेस में अनुशासन सर्वोपरि : राजेश ठाकुर

**कहा- कर्नाटक में मिली जीत तय करेगी देश की दिशा-दशा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गुरुवार को स्वामी सहजानंद सरस्वती ट्रस्ट भवन में पार्टी की प्रथम कार्यकारणी बैठक के साथ ही शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया। जिसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी शामिल हुए। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्म करने वाला ही लक्ष्य को हासिल करता है। कार्यकर्ताओं को संगठन में मजबूती के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस में सभी सक्रिय एवं उजार्वान लोगों को जगह दी जाएगी। लगे हाथ उन्होंने मिशन 2024 के तहत सभी पदाधिकारियों को संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। कहा कि पार्टी 2024 चुनाव के पूर्व सभी जिलों में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर संगठन का गठन एवं विस्तार किया जा रहा है। सभी प्रखंड-नगर के अध्यक्षों से प्रखंड-नगर के वार्ड एवं पंचायत में कमेटी एवं बूथ कमेटी का अविलंब गठन कर तीन दिनों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश कमेटी की ओर से संगठन सशक्तिकरण को लेकर सभी जिलों में कार्यकारिणी की बैठक कर संगठन की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सभी को स्पष्ट और कड़ा संकेत देते हुए कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है। अनुशासन भंग करने वाले को संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत पर उन्होंने वहां के मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत निश्चित रूप से देश की दशा और दिशा तय करेगी। इस जीत से कार्यकर्ताओं में एक नई उर्जा का संचार हुआ है। निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे देश में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। वहीं, पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नवमनोनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी प्रखंड एवं नगरों में निरंतर अभियान चलाई जा रही है। 2024 लोकसभआ चुनाव में धनबाद लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार की ऐतिहासिक जीत होगी।

### धनबाद लोकसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी कांग्रेस : संतोष सिंह




धनबाद कांग्रेस की पहली बैठक में उपस्थित राजेश ठाकुर, ब्रजेंद्र सिंह व अन्य।

### 2024 लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए अभी से करना होगा कड़ा प्रयास : ब्रजेंद्र

**वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने भी जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सभी जिलों में लगातार कार्यकारिणी की बैठक की जा रही है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए ऐतिहासिक पहल है। संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में सभी पदाधिकारियों से मिशन 2024 तहत कार्य करने का आह्वान किया।**

### इन पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, मदन महतो, वैभव सिन्हा, मनोज यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, ललन चौबे भी उपस्थित थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नवमनोनीत पदाधिकारियों उपाध्यक्ष पद पर बीके सिंह, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, शाहिदा कमर नवनीत नीरज, सतपाल सिंह ब्रोका सहित कुल 25 उपाध्यक्ष एवं शैलेश सिंह, जावेद रजा, पप्पू कुमार तिवारी, नंदलाल पासवान, अवधेश पासवान सहित कुल 70 महासचिव को शपथ दिलाया। लगे हाथ निशा सिंह, जाहिर हुसैन, राजेंद्र चौहान, बबलू दास, अरविंद सैनी, आशीष सिन्हा, अर्जुन भूइंया सहित कूल 95 सचिव, रमेश जिंदल को कोषाध्यक्ष एवं पप्पू कुमार तिवारी कोमहासचिव सह जिला कार्यालय प्रभारी एवं विकी कुमार को मेंबरशिप इंचार्ज पद के लिए शपथ दिलाया गया। इसके अलावा 31 पदाधिकारियों को कार्यकारिणी सदस्य एवं 27 पदाधिकारियों को विशेष आमंत्रित सदस्य का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में सभी संगठन-मोर्चा के अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड-नगर के अध्यक्ष आदि थे।

## 20 साल से फरार वारंटी को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेतुलमारी/कतरास।** ईस्ट बसुरिया पुलिस को गुरुवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने साल 1999 में एक केस में फरार चल रहे अभियुक्त लोहा तुरी उर्फ राजेन्द्र तुरी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा कि लोहा तुरी उर्फ राजेन्द्र 1999 के एक केस में पिछले 20 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे खोजने के लिए लाल वारंट जारी किया था। 20 साल से लोहा तुरी उर्फ राजेन्द्र पुलिस को चकमा देकर बच रहा था। इसी बीच ईस्ट बसूरिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार चल रहा लाल वारंटी निचितपुर कोलियरी धौड़ा में है। इसके बाद ईस्ट बसूरिया पुलिस में तत्काल टीम बनाकर निचितपुर कोलियरी धौड़ा में छापामारी कर उसे दोबच लिया और गुरुवार को जेल भेज दिया। ईस्ट बसूरिया ओपी प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि लोहा तुरी दो दशक से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया गया है।

## धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव की तेज हुई सरगर्मी



**अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम गोस्वामी ने भरा पर्चा**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशी अपने-अपने पसंदीदा पदों पर नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपनी जीत का दावा किया है। बतातें चलें कि इस बार धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव में कई पदों पर काफी कांटे की टक्कर होने की संभावना है। राधेश्याम गोस्वामी ने पत्रकारों को बताया कि धनबाद बार एसोसिएशन में कई अधिवक्ताओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं की शुरूआत मेरी ही देन है, जबकि हर कोई इसका श्रेय लेने की होड़ में हैं। इन सभी अधिवक्ताओं का प्यार और प्रेम का समर्थन इस बार मिलने की उम्मीदें हैं। अगर अध्यक्ष पद से जीतकर आते हैं तो सभी अधिवक्ताओं को पांच लाख का मेडिक्लेम और महिला अधिवक्ता के लिए शौचालय की व्यवस्था, गरीब अधिवक्ता के लिए सहयोग राशि का फंड संचालित किया जाएगा। ताकि सभी अधिवक्ताओं को सुगम व्यवस्था देने के लिए धनबाद बार एसोसिएशन तत्पर रहे।

## संकटमोचन शनिदेव मंदिर के 14वें स्थापना दिवस पर निकली भव्य कलश यात्रा



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। सोनारडंगाल स्थित श्री श्री संकटमोचन शनिदेव मंदिर के 14वें स्थापना दिवस पर गुरुवार से तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ। यात्रा में 251 महिलाएं शामिल हुई। जो शहीद चौक होते हुए बराकर नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर मंदिर में स्थापित की गई। शोभा यात्रा में सबसे आगे सजे हुए वाहन पर विराजमान शनिदेव (तस्वीर) चल रहे थे। गायत्री परिवार की ओर से भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। शाम को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शनिदेव जी का कपड़ाभिषेक, तेलाभिषेक, हवन और रात में भगवती जागरण होगा। मौके पर पंडित श्यामलाल शर्मा आचार्य, पंडित कृष्णानंद पांडेय, शारदा प्रसाद गुप्ता,पवन पुजारी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष डब्लू बाउरी, पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी, वरुण दे, सुशील कुमार चंद्रवंशी, गोपाल सिंह, मुखिया रंजीत पासवान, संजय शर्मा, दशरथ साव, इंद्रदेव प्रसाद,शशि कुमार, मानव सेवा परिवार से मंजू अग्रवाल, मटरु अग्रवाल, विमला तिवारी, संतोष मिश्रा, तरुण, विजय, आर्यन, अरविंद वर्मा, मनोज मालकर, मुक्तिनाथ श्रीवास्तव, शंभु साव, मुकेश साव, सांतनु तुरी, दुर्गा गुप्ता, धनंजय कुमार, भोला सिंह, अभिमन्यु कुमार, प्रियांशु सिंह, संतोष यादव, राजीव विश्वकर्मा, रिषभ तिवारी, विक्कू सिंह और अभिषेक पांडेय आदि मौजूद थे।**

## कतरास कॉलेज में शुरू हुई बस सुविधा

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार को कतरास कॉलेज में बस सुविधा शुरू कराकर एक और सफलता हासिल की। ज्ञात हो कि शनिवार को एबीवीपी ने बस सुविधा शुरू करने, कॉलेज की चारदीवारी बनाने व बीएड की पढ़ाई शुरू करने के लिए आंदोलन किया था। निर्णय लेने के लिए पांच दिनों का समय दिया था। ठीक पांचवें दिन कॉलेज प्रशासन द्वारा सालों से बंद पड़ी बस की मरम्मत कराकर उसे चालू किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य का धन्यवाद ज्ञापन किया कि उन्होंने बस सुविधा शुरू कराकर विधार्थी परिषद की मांग को पूरा किया।**

# पत्रकार प्रवीर को गोली लगने के बाद रेस हुई धनबाद पुलिस, ताबड़तोड़ कर रही छापामारी

**पत्रकार संगठन की ओर से 20 मई को निकाली जाएगी रैली**

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** बलियापुर के पत्रकार प्रबीर महतो को बुधवार की देर रात अपराधियों द्वारा गोली मारने की घटना के बाद कोयलांचल के पत्रकारों, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। घटना ने एक बार फिर आपराधिक प्रवृति के लोगों के बढ़े मनोबल को दर्शा दिया है। फिलहाल प्रबीर रांची के रिम्स अस्पताल में इलाजरत हैं। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर, गुरुवार को बलियापुर थाना की एक टीम रिम्स अस्पताल पहुंच कर घायल प्रबीर महतो से फर्द बयान लिया है। बयान के आलोक में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर करने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी भी जारी है। वहीं घटना के बाद से जिले के पत्रकारों में रोष है। जिले के कई पत्रकार संगठनों ने अलग-अलग तरीके से घटना की तीव्र निंदा करते हुए आंदोलन के लिए रूपरेखा तैयार करने में जुटे हैं।

### घायल प्रबीर महतो ने पुलिस को बताया हमलावरों के नाम

**गुरुवार को बलियापुर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार चौधरी ने रांची रिम्स अस्पताल पहुंचकर इलाजरत प्रबीर महतो का बयान लिया है। सूत्रों की मानें तो घायल प्रबीर ने पुलिस को दिए गए बयान में हमलावरों के नाम बताए हैं। जिसके बाद से उक्त हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापामारी की जा रही है। सूत्रों का दावा है कि पूरा मामला आपसी रंजिश का हो सकता है।**

### क्या है पूरा मामला

बुधवार की रात 10 बजे बलियापुर के पत्रकार प्रबीर महतो को राखितपुर के समीप अज्ञात अपराधियों ने उस समय गोली मार दी जब वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद प्रबीर जमीन में गिर पड़े। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें पहले बलियापुर स्वास्थ केंद्र फिर एसएनएमएमसीएच उपचार के लिए ले जाया गया। वहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोली प्रबीर के पीठ की बायीं ओर रीढ़ की हड्डी में फंसे होने की बात कही जा रही है। हालांकि परिजनों का कहना है कि उनकी न तो किसी से दुश्मनी थी और न ही किसी से कोई रंजिश थी।

### पुलिस से मिला धनबाद प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्रबीर महतो गोलीकांड को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को वरीय पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया है। अब तक पुलिस की ओ्र से की गई कार्रवाई से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। अध्यक्ष ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया। कहा कि घटना के 12 घंटा से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी घायल पत्रकार का फर्द बयान रांची रिम्स जा कर लिया गया। घटना के तुरंत बाद ही पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाई होती तो शायद धनबाद में ही घायल पत्रकार से पुलिस बयान ले पाती और नामजद लोगों की गिरफ्तारी रात में ही संभव हो सकती। प्रतिनिधिमंडल में धनबाद प्रेस क्लब में शरद पांडेय, महफूज आलम, प्रकाश कुमार सुरेन्द्र यादव, कन्हैया पांडेय, लखन यादव, नीतीश चौरसिया आदि थे।

### पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में झरिया और सिंदरी प्रेस क्लब के पत्रकारों ने गुरुवार को कार्य के दौरान काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। झरिया प्रेस कल्ब में बैठक की गयी। वहीं बलियापुर में भी दर्जनों पत्रकारों ने साथी पत्रकार प्रबीर पर हुए हमले के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। साथ ही शाम में आगे की रणनीति के लिए बैठक की।

## समर कैंप में डीएवी 6 के बच्चों ने किया औषधीय पौधों का रोपण



**बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में इको क्लब के विद्यार्थियों ने गुरुवार को विद्यालय परिसर में औषधीय पौधारोपण में भाग लिया। आंवला, तुलसी, नीम, बेल, पुदीना, अदरक, तेजपत्ता, एलोवेरा, अश्व गंधा, दालचीनी आदि के पौधे लगाए। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्राचीन काल से ही औषधीय पौधा रोपण का विधान है। नीम की पत्तियां नीम की डाली, नीम के फूल, नीम वृक्ष की जडे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के प्रभारी नागेंद्र प्रसाद ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने -अपने घरों में भी स्वास्थ रक्षा के लिए औषधीय पौधें जरूर लगायें। इस दौरान पौधारोपण में ईशान कुमार झा, सौम्या भारद्वाज, शांभवी झा आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ का हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं, कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब के स्वरूप कुमार नाथ की देखरख में पूरा हुआ।**

## डीसी - डीडीसी ने पिंक ऑटो को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# सरकारी योजनाओं को लाभ उठायें: डीसी

**समाहरणालय परिसर में लाभुकों को सौंपा पिंक ऑटो का चाबी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिला कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमइजीपी) योजना के तहत चिन्हित दो महिला लाभुकों क्रमशः चास प्रखंड के पिंड्राजोरा एवं चंदनकियारी प्रखंड की सबिता देवी को गुरुवार को डीसी कुलदीप चौधरी एवं डीडीसी कीर्तीश्री जी ने समाहरणालय परिसर में पिंक ऑटो की चाबी देकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना से अच्छादित होने पर दोनों लाभुकों ने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) आरंभ किया गया है। इसी के तहत आज दो लाभुकों के बीच पिंट ऑटो का वितरण किया गया। उल्लेखनीय हो कि इससे पूर्व भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अन्य लाभुकों के बीच भी योजना के तहत पिंक ऑटो उपलब्ध कराया गया था।

### क्या है सीएमइजीपी योजना

झारखंड सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का आरंभ किया गया है। सरकार द्वारा प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के नागरिकों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 25 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। यह ऋण काफी कम ब्याज पर प्रदान किया जाता है। इस योजना अंतर्गत सरकार द्वारा 40 फीसद तक का अनुदान भी प्रदान किया जाता है। अनुदान की अधिकतम राशि पांच लाख रुपए होती है। योजना अंतर्गत 50 हजार तक के ऋण पर कोई भी गारंटी देने की आवश्यकता नहीं होती है, परिवार की वार्षिक आय पांच लाख रुपए या फिर उससे कम होनी चाहिए। इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग तथा सखी मंडल की दीदियां उठा सकती हैं। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, सहायक जनंसपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला कल्याण कार्यालय के कर्मी आदि थे।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**-: आवश्यक सूचना :-**

लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना काण्ड संख्या– 166 / 19, दिनांक–31.07.2019, धारा–386 / 387 / 427 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त अमन श्रीवास्तव उर्फ शिवाजी पे0 सुशील श्रीवास्तव, सा0 कुब्बा, थाना हंटरगंज, जिला चतरा के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्त के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त प्राथमिकी अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | अमन श्रीवास्तव उर्फ शिवाजी पे0 सुशील श्रीवास्तव, सा0 कुब्बा, थाना हंटरगंज, जिला चतरा। |

ह0 / –
पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 297667 (Police)23-24*D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त बरियतु थाना काण्ड सं0–26 / 2017, दिनांक–22.01.2017, धारा–406 / 420 / 34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.हसीना बीबी, पति–स्व0 शहाबुद्दीन अंसारी, सा0–जरु, थाना–लेस्लीगंज, जिला–पलामू 2. फैजान अंसारी, पिता–उसमान अंसारी, सा0–ग्राम–थाना–बिशनपुरा, पो0–कोचेया, जिला–गढ़वा के विरुद्व माननीय न्यायालय श्री अशोक कुमार, जे0एम0 F.C न्यायीक दण्डाधिकारी सदर कोर्ट राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri ASHOK KUMAR**
**J.M-FC, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मतहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
1. हसीना बीबी पति–स्व0 शहाबुद्दीन अंसारी, सा0–जरु, थाना–लेस्लीगंज, जिला–पलामू 2. फैजान अंसारी, पिता– उसमान अंसारी, सा0–ग्राम–थाना–बिशनपुरा, पो0–कोचेया, जिला–गढ़वा।
2 किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)
3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) 1. हसीना बीबी 2.फैजान अंसारी
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) अभियुक्त 1. हसीना बीबी 2. फैजान अंसारी जब
4. मोकाम।
**U/S-406/420/34** IPC — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है किमजकुर साकिन 1. जरु लेस्लीगंज पलामू 2.विशनपुरा गढ़वा। ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6) ब–तारीख 21 माह 05 नालिश–मजकुर 2023 करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 13 माह 04 सन 2023

**s/d- Sri Ashok kumar**
**J.M-F.C, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, 1.हसीना बीबी 2. फैजान अंसारी, कहीं मिलते / दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक / **Court of Sri ASHOK KUMAR, J M-F.C, RANCHI** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर, राँची। –9431102090
थाना प्रभारी, बरियातु, राँची। –9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

**PR 297699 Police(23-24).D**

# पीएम ने ओड़िशा में आठ हजार करोड़ से अधिक की रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी

- ओडिशा में शत-प्रतिशत विद्युतीकृत रेल नेटवर्क का उद्घाटन किया
- पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

आजाद सिपापही संवाददाता



**भुवनेश्वर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा में 8000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित कीं। परियोजनाओं में पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाना, पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखना, ओडिशा में शत-प्रतिशत विद्युतीकृत रेल नेटवर्क समर्पित करना, संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन का दोहरीकरण, अंगुल-सुकिंदा के बीच एक नई ब्रॉड गेज रेल लाइन; मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-जमगा को जोड़ने वाली तीसरी लाइन और बिछुपाली-झरतरभा के बीच एक नई ब्रॉड-गेज लाइन बिछाना शामिल है।

सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को आज वंदे भारत एक्सप्रेस भेंट की जा रही है जो आधुनिक और आकांक्षी भारत का प्रतीक है। ₹भारत की गति और प्रगति तब देखी जा सकती है जब वंदे भारत ट्रेन एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलती है₹, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गति अब ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे यात्रियों के यात्रा के अनुभव के साथ-साथ विकास के मायने भी पूरी तरह बदल जाएंगे। अब दर्शन के लिए कोलकाता से पुरी की यात्रा हो या पुरी से कोलकाता आना हो, प्रधानमंत्री ने बताया कि यात्रा का समय अब घटकर केवल साढ़े छह घंटे रह जाएगा, जिससे समय की बचत होगी, इससे व्यापार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को नए अवसर मिलेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे किसी भी ऐसे नागरिक की पहली पसंद और प्राथमिकता है जो दूर की यात्रा करना चाहता है। उन्?होंने अन्य रेलवे विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिनकी आधारशिला आज रखी गई है। इनमें पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और आधुनिकीकरण और क्षेत्र में रेल लाइनों का दोहरीकरण और ओडिशा में रेल लाइनों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण समर्पित करना शामिल है।

आजादी का अमृत काल के दौर का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि अगर देश पूरी तरह से एकजुट रहता है तो देश की सामूहिक क्षमताएं शिखर पर पहुंच सकती हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि वंदे भारत एक्सप्रेस ऐसे ही विश्वास का प्रतिबिंब है जहां यह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाते हुए देश के विकास का इंजन बन रही है।" प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय रेल सबको एक सूत्र में जोड़ती है और बुनती है और इसी कल्?पना और विचार के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस भी आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ट्रेन पुरी और हावड़ा के बीच आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंध को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में पंद्रह वंदे भारत ट्रेनें पहले से ही चल रही हैं जो देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में भारत ने बेहद प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अपनी विकास की गति को बनाए रखा है। श्री मोदी ने इस यात्रा में हर राज्य की भागीदारी को श्रेय दिया और कहा कि देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले के विपरीत नया भारत तकनीक का निर्माण स्वदेशी रूप से कर रहा है और उसे देश के कोने-कोने में ले जा रहा है। वंदे भारत ट्रेनों के स्वदेशी निर्माण का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारत ने महामारी के दौरान 5जी और टीके जैसी तकनीक विकसित की। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये नवाचार कभी भी एक राज्य या शहर तक सीमित नहीं रहे बल्कि पूरे देश में समान रूप से लिए गए। इसी तरह, उन्होंने कहा कि वंदे भारत देश के सभी कोनों को छू रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की नीति का लाभ उन राज्यों को मिल रहा है, जो विकास में पिछड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में रेल योजनाओं के लिए बजट में काफी वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले के 10 वर्षों में राज्य में हर साल केवल 20 किलोमीटर रेलवे लाइन बिछाई जाती थी जबकि वर्ष 2022-23 में केवल एक वर्ष में 120 किलोमीटर लंबी रेल लाइनें बिछाई गई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित खुर्दा बोलनगीर लाइन और हरिदासपुर-पारादीप लाइन जैसी परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ओडिशा देश के उन राज्यों में से एक है जहां रेल लाइनों का शत- प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में समान उपलब्धि हासिल करने के लिए काम तेज गति से चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिणामस्वरूप ट्रेनों की गति में समग्र वृद्धि के साथ-साथ मालगाड़ियों के समय की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि खनिज संपन्न राज्य ओडिशा को रेल लाइनों के विद्युतीकरण से बहुत लाभ होगा जहां डीजल इंजनों से निकलने वाले प्रदूषण में काफी कमी आएगी और मदद मिलेगी वहीं राज्य का औद्योगिक विकास होगा।

प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के निर्माण के एक अन्य पहलू को भी छुआ जिसके बारे में अक्सर अधिक बातें नहीं की जाती हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा न केवल लोगों के जीवन को अधिक सरल बना देता है बल्कि यह समाज को भी सशक्त बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यजब बुनियादी ढांचे की कमी होती है तो लोगों का विकास पिछड़ जाता है। जब बुनियादी ढांचे का विकास किया जाता है तो इसी के साथ साथ लोगों का भी तेज गति से विकास होता है। ह्यह्यविकास पहलों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने पीएम सौभाग्य योजना का उदाहरण दिया जहां सरकार ने ओडिशा में लगभग 25 लाख घरों तथा पश्चिम बंगाल में 7.25 लाख घरों सहित 2.5 करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली का निशुल्क कनेक्शन उपलब्ध कराया है।

देश में हवाई अड्डों की संख्या 75 से बढ़ कर आज 150 हो गई है, यह जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर विभिन्न तस्वीरों और वीडियो की ओर ध्यान आकृष्ट किया जहां देश के आम नागरिकों को अपनी हवाई यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां आज अध्ययन का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब बुनियादी ढांचे के लिए 10 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं तो वह लाखों रोजगार का सृजन करता है।

## 10वां आर्ट ऑफ गिविंग डे पूरे विश्व ने मनाया

# छह विभूतियों को 'आर्ट ऑफ गिविंग हीरो' सम्मान से किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मई को दुनिया भर में इंटरनेशनल आर्ट ऑफ गिविंग डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गौरतलब है कि दुनिया के 6 महाद्वीपों के लगभग 120 देशों के 350 जगहों पर 10वां इंटरनेशनल आर्ट ऑफ गिविंग डे मनाया गया। भारत के 29 राज्यों, 4 केंद्र शासित प्रदेशों और ओडिशा के 30 जिलों सहित 200 शहरों, 10 प्रमुख शहरों, 300 से अधिक ब्लॉकों और 5 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के 10 हजार स्थानों पर यह आर्ट ऑफ गिविंग डे मनाया गया। शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रो अच्युत सामंत द्वारा समाज में एक दूसरे के साथ मदद, सहयोग, शांति, मित्रता और भाईचारा साझा करने के लिए 17 मई, 2013 को शुरू की गई 'आर्ट ऑफ गिविंग' पहल अब पूरी दुनिया में फैल गई है।

प्रत्येक वर्ष एक अलग थीम पर आधारित, इस वर्ष की आर्ट ऑफ गिविंग थीम थी, 'हेल्पिंग द हेल्प'। इस अवसर पर बुधवार को भुवनेश्वर में एक विशेष कार्यक्रम में ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा करने वाले 6 लोगों को 'आर्ट ऑफ गिविंग हीरो' सम्मान से सम्मानित किया गया।

1 रुपए वाले डाकुर के नाम से ख्याति प्राप्त करने वाले संबलपुर के डॉक्टर शंकर रामचंदानी, जाजपुर जिले की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता रंजीता रथ, कंधमाल जिले की आकांक्षी शिलावती प्रधान, क्योंझर जिले के एम्बुलेंस चालक अमरनाथ मोहंती, आयुक्तालय पुलिस के ट्रैफिक कांस्टेबल फिरोज मुहम्मद और महिला बचाव समिति के संपादक आभारानी चौधरी को आर्ट ऑफ गिविंग हीरो के रूप में सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार आर. बालाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया जबकि राज्य उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव बिष्णुपद सेठी और भुवनेश्वर यूनिट- क्कश्रीराम मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष बाबा राम नारायण दास ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया।

आर्ट ऑफ गिविंग के संस्थापक अच्युत सामंत ने स्वागत भाषण देने के साथ आर्ट ऑफ गिविंग के उद्देश्य पर बात की। इस अवसर पर आर्ट ऑफ गिविंग पुस्तिका और आर्ट ऑफ गिविंग के 6 महीने वाला कोर्स बुकलेट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री बालकृष्णन ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग हार्ट ऑफ गिविंग है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने प्रो सामंत के ऐसे प्रयासों की सराहना की। श्री सेठी ने कहा कि देने की कला से दूसरों को खुशी मिलती है।

## सुरक्षा में उत्कृष्टता के लिए एमसीएल को श्रेष्ठ पुरस्कार मिला

**भूवनेश्वर संबलपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की अग्रणी सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को सुरक्षा में उत्कृष्टता के लिए 21वें वार्षिक ग्रीनटेक सेफ्टी अवार्ड 2023' में श्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार श्रृंखला में 187 कंपनियों ने भाग लिया जिसमें एमसीएल को श्रेष्ठ विजेता घोषित किया गया। आगामी 29 मई 2023 को दिल्ली में आयोजित होने वाले एक भव्य समारोह में उक्त पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। एमसीएल कंपनी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार चयनित किये जाने पर एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री ओ पी सिंह ने एमसीएल के सभी कर्मियों को बधाई दी एवं कहा कि कार्यस्थल पर मानव और मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी के निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। सीएमडी श्री सिंह ने यह भी कहा कि सुरक्षा एक महान भविष्य के लिए एक छोटा सा निवेश है। एमसीएल देश में सबसे अधिक कोयला उत्पादक और आपूर्ति करने वाली कंपनी है, जिसके सभी खनन कार्य ओडिशा के अनगुल, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिलों में फैले हुए हैं।

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल

**भुवनेश्वर।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई), ओडिशा द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है, जिसका परिणाम आज घोषित किया गया। राज्य में कुल पास प्रतिशत 96.40 प्रतिशत रहा। इस वर्ष किस से 1880 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जो राज्य के किसी भी स्कूल के लिए सबसे अधिक है, जिनमें से 45 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 50 प्रतिशत छात्रों ने द्वितीय श्रेणी अंक प्राप्त किए। ओवरऑल पास पर्सेंटेज 100 फीसदी रहा। मयूरभंज (संताल) के मकर मुर्मू ने 92.17 प्रतिशत (553 अंक) के साथ स्कूल में टॉप किया, जबकि झारखंड के डिजीज टुडू और मयूरभंज (संताल) के दिनेश हेम्ब्रम ने 90.33 प्रतिशत (542) अंक प्राप्त किए। इसी तरह सुंदरगड (उरांव) की नमिता ओरम और केंदुझार (संताल) की रस्मिता स्वांई ने 90 प्रतिशत (540) अंक हासिल किए।




































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**